'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 69 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 24 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## दस वर्षों में पीएम मोदी ने देश और हरियाणा को नई दिशा दी : सीएम सैनी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सीएम नायब सैनी ने अहिरमल पगड़ी पहना कर स्वागत किया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** महेंद्रगढ़ पाली की 'महाविजय संकल्प रैली' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा के लोगों से काफी लगाव है। दस वर्षों में पीएम मोदी ने देश ही नहीं हरियाणा को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले युवाओं में अविश्वास रहता था। युवाओं को नौकरी बिना पर्ची-खर्ची के नहीं मिलती थी पर अब हमारी सरकार युवाओं को एक सिस्टम से नौकरी दे रही है। अब किसी को नौकरी के लिए जमीन बेचने और सिफारशी पत्र लाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अहिरमल पगड़ी पहना कर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को केंद्रीय मंत्री और गुरुग्राम से लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने गदा और भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह ने जयराम दास की फोटो भेंट की। महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महेन्द्रगढ़ से चंडीगढ़ जाने में 8 घंटे लगते थे पर अब 2.5 घंटे लगते हैं। हमारी सरकार ने रोड़, इंर्फ्रास्ट्रक्चर पर काफी मजबूती से काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हरियाणा की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज सारे देश में प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा की 400 से अधिक सीटें मिलने की लहर है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों के जोश और उनके प्रधानमंत्री मोदी से प्रेम को देखते हुए लगता है, मतदाता लोकसभा की 10 और एक विधानसभा सीट पर कमल का बटन दबा कर बीजेपी को विजयी बनाएंगें। 4 जून को जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आयेगें तो पीएम मोदी को भारी बहुमत मिलेगी।

भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नये भारत का निर्माण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हरियाणा को एक एम्स दिया है और दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेस- वे बना कर दिल्ली और गुरुग्राम के लोगों सहुलियत दी है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को जाम जैसी समस्या से रूबरू होना नहीं पड़ता है। डबल इंजन की सरकार ने काफी विकास कार्य किए हैं। आज जनता मोदी की गांरटी पर भरोसा करती है।

## महंगाई व बेरोजगारी चर्म पर है, बीजेपी से लोग तंग हो चुके है, अब बदलाव आएगा: प्रियंका गांधी

### प्रियंका गांधी ने सिरसा में कुमारी सैलजा के पक्ष में निकाला रोड शो, उमड़ा जनसैलाब




**समाचार गेट ब्यूरो**

**सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं फायर ब्रांड नेत्री प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार थमने के अंतिम दिन गुरुवार को सिरसा पहुंची। यहां पर उन्होंने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के लिए रोड शो में हिस्सा लिया। करीब एक घंटा 10 मिनट तक चिलचिलाती धूप में प्रियंका गांधी लगातार लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के चुनाव को और अधिक मजबूती प्रदान करने में सफल रही। रोड शो की शुरुआत श्री श्याम बगीची अनाज मंडी से हुई। इसके बाद जनता भवन, जगदेव सिंह चौक, सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, परशुराम चौक, अंबेडकर चौक तक रोड शो चला। रोड शो के दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ने से सिरसा शहर की सड़कें जाम हो गई। तेज धूप व गर्मी के बावजूद रोड शो की रफ्तार मंद थी और जोश से लबरेज लोग आगे भी बढ़ नहीं पा रहे थे। इसलिए रोड शो को अंबेडकर चौक पर ही समाप्त करना पड़ा। हालांकि, लालबत्ती चौक से इसे आगे चलकर सांगवान चौक तक जाना था, लेकिन हीट वेव की चेतावनी के मद्देनजर जनता के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए रोड शो को पहले ही अंबेडकर चौक पर समाप्त कर दिया गया।

रोड शो के दौरान विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन पर सबसे आगे प्रियंका गांधी खड़ी थी, जबकि उनके बाई ओर कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा व दाईं ओर पूर्व मंत्री किरण चौधरी खड़ी थी। लोकसभा चुनाव के दौरान यह पहला मौका रहा, जब प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार के लिए हरियाणा में आई थीं। वे सबसे पहले सिरसा आई और बतौर स्टार प्रचारक पार्टी की ओर से एकमात्र रोड शो में शिरकत की। इस दौरान उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ उमड़ने से कुमारी सैलजा को माइक अपने हाथ में लेकर व्यवस्थाओं को खुद संभालना पड़ा। तेज धूप व प्रचार का आखिरी दिन होने के कारण कुमारी सैलजा को बार-बार भीड़ से आगे बढ़ने, आगे चलने का आह्वान करना पड़ रहा था। सड़कों के दोनों ओर खड़े लोगों ने फूलों की बारिश कर प्रियंका गांधी, कुमारी सैलजा व अन्य नेताओं का स्वागत किया। प्रियंका गांधी की मौजूदगी में रोड शो के दौरान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की यादें भी ताजा हो गई। इसकी वजह रोड शो में चलाया जा रहा थीम सॉन्ग बना। जो थीम सॉन्ग चलाया जा रहा था, वह भारत जोड़ो यात्रा का भी रहा है। विदित रहे कि राहुल गांधी ने हरियाणा में 2 बार भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, कुमारी सैलजा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। विशेष वाहन पर मौजूद रहीं प्रियंका गांधी व कुमारी सैलजा बीच-बीच में आपस में बातचीत भी करती नजर आईं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री किरण चौधरी, विधायक शीशपाल केहरवाला, विधायक अमित सिहाग, पूर्व मंत्री परमबीर सिंह, पूर्व विधायक निशान सिंह, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व सांसद डॉ. सुशील कुमार इंदौरा, पूर्व विधायक जरनैल सिंह, पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व विधायक प्रह्लाद सिंह गिल्लाखेड़ा, पूर्व विधायक कुलवीर सिंह बैनीवाल, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव विनीत पूनिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. केवी सिंह, वीरभान मेहता, अमीर चंद चावला, डॉ. वीरेंद्र सिवाच, संतोष बैनीवाल, पवन बैनीवाल, नवीन केडिया, राजकुमार शर्मा, विनीत कंबोज, रगीना रंगा आदि इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समर्थक भी मौजूद रहे।

**कुमारी सैलजा ने साबित कर दी हाईकमान पर अपनी पकड़**

रोड शो में जुटी भारी भीड़ से कुमारी सैलजा ने दिखाई सियासी ताकत सिरसा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव प्रियंका गांधी का सिरसा में आगमन और कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के रोड शो में शिरकत करने से साफ हो गया है कि कांग्रेस हाईकमान पर कुमारी सैलजा की जबरदस्त पकड़ है। देखा जाए तो इस लोकसभा चुनाव में यह प्रियंका गांधी का हरियाणा में पहला दौरा था, जिसमें वे सबसे पहले सिरसा आई। यहां चिलचिलाती धूप के कारण लगातार बढ़ रही गर्मी के बावजूद एक घंटे 10 मिनट तक कुमारी सैलजा के लिए आयोजित रोड शो में शामिल हुई। सिरसा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा को शुरुआत से ही सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। लेकिन, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जिस तरीके से प्रियंका गांधी ने रोड शो में शिरकत की, उससे लगता है कि कुमारी सैलजा की जीत हरियाणा ही नहीं, उत्तर भारत की सबसे बड़ी जीत भी बन सकती है। गांधी परिवार से राहुल गांधी 22 मई को हरियाणा आए तो उन्होंने चरखी दादरी व सोनीपत में जनसभा की।

## भाजपा का 400 पार का नारा जुमला साबित होगा, कांग्रेस गुटबाजी में खत्म : दुष्यंत चौटाला



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि बीजेपी का 400 पार सीटों का दिया गया नारा चार जून को एक जुमला साबित हो जाएगा और भाजपा 200 तक सिमट कर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार बीजेपी के 400 पार के नारे को जुमला साबित करने की बारी जनता की है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। वे वीरवार को नलवा और बरवाला हलके में जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार के विकास के लिए चाबी के चुनाव निशान को वोट डालकर जेजेपी उम्मीदवार को विजयी बनाएं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव घोषित होने से पहले ओवर कॉनफिडेंस में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन चुनाव में जनता का रुख देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास भी डोलने लगा और वे इस नारे को बोलना छोड़ गए है। उन्होंने कहा कि जहां देशभर में भाजपा का ग्राफ गिरा है तो वहीं दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस पार्टी गुटबाजी के कारण पतन की ओर है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेसियों को चुनाव प्रचार की बजाय एक-दूसरे की टांग-खिंचाई में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई दे रही है और ऐसे माहौल में जनता का क्षेत्रीय दलों पर भरोसा बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जेजेपी ही हरियाणा की आवाज दिल्ली में उठाने में सक्षम है इसलिए जेजेपी को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने वोट की अपील करते हुए कहा कि बड़ी पार्टी के सांसद जनता की समस्या को संसद में नहीं उठा सकते। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से जेजेपी ने सरकार में हिस्सेदारी करके आमजन के लिए काम करके दिखाया था और इस लोकसभा चुनाव में जनता जेजेपी को चुने। उन्होंने कहा कि संसद में जेजेपी के सांसद जाएंगे तो किसान-कमेरे की हिस्सेदारी बढ़ेगी और उनके हित में जेजेपी सांसद काम करवाएंगे।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा की प्रगति के लिए 25 मई को प्रदेशवासी चाबी चुनाव चिन्ह पर मतदान करके जेजेपी उम्मीदवारों को विजयी बनाएं। इसके उपरांत दुष्यंत चौटाला फतेहाबाद पहुंचे और उन्होंने जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक के लिए भी चुनाव प्रचार किया।

## हर कार्यकर्ता अपने आप को दीपेंद्र मानकर लड़े चुनाव : जगदीश यादव

### कोसली विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हल्का कार्यालय बेरली पेट्रोल पंप पर आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कोसली।** कोसली विधानसभा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कर्मठ साथियों की मीटिंग हल्का कार्यालय बरेली पेट्रोल पंप पर हुई।

अहीरवाल के लोकप्रिय वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश यादव ने मुख्यरुप से सम्बोधित किया। इस अवसर पर रोहतक लोकसभा क्षेत्र से लोकप्रिय प्रत्याशी चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा के बड़े भाई और हल्का कोसली प्रभारी सोनु हुड्डा विशेष रूप से उपस्थित हो कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने कार्यकर्ताओं से चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर घर जाकर वोट मांगने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बुथ पर मजबूती से कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि आज देश में प्रदेश की जनता वर्तमान भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है और हर आदमी बदलाव चाहता है। इस अवसर पर सुरेंद्र चेयरमन नाहड़, श्याम चेयरमैन, विजय चेयरमैन कनीना, जिले सिंह पूर्व जिला पार्षद, सरिता शेखावत, नवीन यादव लूला अहीर, ईश्वर सरपंच मस्तापुर, महेंद्र सिंह यादव गुरावडा, महेंद्र सिंह यादव पाटोदा, दिलबर सरपंच जीवड़ा, ऋषि यादव हालूहेड़ा, सुखबीर छव्वा के अलावा सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राव इंद्रजीत सिंह को दक्षिण हरियाणा का विकास पुरुष बता गए गडकरी

### गडकरी ने कहा राव के कहने पर खर्च किए 2 लाख करोड रुपए

### कोसली रैली मेंजमकर की रावकी तारीफ, विकास के प्रति जुनून को लेकर थपथपाई पीठ




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** मोदी के मित्र राव इंद्रजीत सिंह को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दक्षिण हरियाणा का विकास पुरुष बताया है। रोहतक लोकसभा के कोसलीविधानसभा में को आयोजित विजय संकल्प रैली में गडकरी ने राव की जमकर तारीफ की। क्षेत्र के विकास के प्रति उनके जुनून और तत्परता पर उनकी पीठ थपथपाई।गडकरी ने राव इंद्रजीत सिंह को रैली के दौरान कई बार अपना मित्र कहकर संबोधित किया। गडकरी ने कहा कि दक्षिण हरियाणा में हाईवे और एक्सप्रेसवे की जो बड़ी-बड़ी परियोजनाएं सिरे चढ़ी है, उनके पीछे राव इंद्रजीत की मेहनत और लगन है। राव के सुझावों पर उन्होंने कभी भी इस इलाकों को सड़क परियोजनाओं के लिए मना नहीं किया। जब भी राव ने क्षेत्र में सड़क निर्माण की बात की, उसके लिए बजट मांगा, मैंने तत्काल उसे मंजूरी प्रदान कर दी।

**गडकरी ने कहा कि राव की अनुशंसा पर दो लाख करोड़रुपये किए खर्च**

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं जब मंत्री बना तो दिल्ली जयपुर हाईवे सिरदर्द बना था। राव के प्रयासों से समस्याएं सुलझाई और नई परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर इस पर आवाजाही सुगम करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत के कहने पर अभी तक इस क्षेत्र में 2 लाख करोड रुपए की योजना ऑन के अनुशंसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत के कहने पर 22 करोड़ रुपये की लागत से रेवाड़ी गुरुग्राम में नौ फुट ओवरब्रिज इनमेंरेवाडी के मालपुरा, खरखड़ा, जयसिंहपुर खेड़ा, खिजूरी, गुरुग्राम के रामपुरा, मानेसर एनएसजी के पास, राठीवास, बिनौला, सिधरावली में एफओबी, ब्लैक स्पॉट में चार फ्लाईओवर पचगांव, राठीवास, हीरो कंपनी सालावास पर अंडरपास बनाए जाने हैं। गुरुग्राम से पटौदी रेवाड़ी तक 2800 करोड़ रुपये की 43 किलोमीटर लंबे चार लेन के हाईवे का कामदिसबंरतक पूरा होगा। गुरुग्राम रेवाड़ी आने जाने का समय 45 मिनट कम होगा। इससे हरसरू, ढोरका, जमालपुर, पातली, हाजीपुर पटौदी की सीधी कनेक्टिविटी होगी। रोहतक-झज्जर आना जाना भी सुगम होगा। यह हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और केएमपी को कनेक्ट करेगा।

गडकरी ने राव के विकास कार्यों के प्रति गंभीरता पर कहा कि यह जिस काम के पीछे पड़ जाते हैं, आते-जाते यह हमेशा याद दिलाते रहते हैं कि फलां परियोजना पर काम कितना हो गया। सवाल पूछते है कि कब तक काम पूरा हो जाएगा। इन्हें इलाके के विकास की सबसे अधिक फ्रिक रहती है। आज गुड़गांव से रेवाड़ी और मेवात से कोसली और नारलौल से महेंद्रगढ़, रोहतक से झज्जर तक जो चमचमाते हाईवे और एक्सप्रेसवे देख रहे हैं वह राव इंद्रजीत के सिंह के प्रयासों से ही बन पाए हैं। गडकरी ने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि इस इलाके की खुशहाल और तरक्की के लिए एक फिर राव इंद्रजीत को भारी बहुमत से जीता कर संसद भेजिए।

## रोड़ शो में उमड़े जन सैलाब ने कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पक्की की



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के वीरवार को गुरुग्राम में आयोजित रोड़ शो में जिस प्रकार जन सैलाब उमड़ा उससे गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पक्की दिखाई दे रही है। लोगों के भारी जनसमूह से गदगद श्री राज बब्बर ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जीतने के बाद उनका पूरा समय क्षेत्र के विकास एवं लोगों की सेवा करने में समर्पित रहेगा। श्री बब्बर ने कहा कि बुधवार को भी रेवाड़ी में जिस प्रकार जन समुदाय उनके रोड़ शो में उमड़ा उससे वे अपनी जीत निश्चित मान रहे हैं।

सिविल लाइन के जोन हॉल के सामने से शुरु हुए कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर के रोड़ शो में तेज गर्मी के बावजूद भी तय समय से पहले ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। रोड़ शो शुरु होते-होते लोगों का पूरा हुजुम उनके काफिले में शामिल हो गया। लोगों के समूह को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार एवं सिने अभिनेता राज बब्बर ने कहा कि अब तक के चुनावी जनसंपर्क के दौरान उन्होंने पाया कि गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र की विकास के मामले में पूरी तरह अनदेखी की गई। लोगों को विकास एवं सुविधा का झांसा तो दिया गया लेकिन धरातल पर योजनाएं मूल रूप नहीं ले पाईं। श्री राज बब्बर का रोड़ शो जोन हॉल के सामने से शुरु होकर मोर चैक, अग्रवाल धर्मशाला और गुरुद्वारा के सामने होते हुए सोहना चैक से पुराना रेलवे रोड़ और न्यू कॉलोनी मोड़ होकर कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय पर समाप्त हुआ।

हरियाणा के राजस्व में सबसे ज्यादा योगदान देने वाले गुरुग्राम के लोगों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उन्हें बड़ी परियोजनाएं तो दूर बिजली-पानी, सफाई व्यवस्था और सड़कों के लिए भी सरकार से गुहार करनी पड़ती है। यहां के सांसद ने इस ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। पुराने गुड़गांव सहित मानेसर और धारुहेड़ा तक के लोगों को मेट्रो सुविधा उपलब्ध कराने का भाजपा सरकार और सांसद ने आश्वासन तो कई बार दिया लेकिन आज तक इस परियोजना की शुरुआत नहीं हो पाई।

कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम का पांच हजार करोड़ रुपये का बजट कहां खर्च हो रहा है इसका किसी को अंदाजा नहीं है। क्योंकि खर्च के मुकाबले सुविधाएं बिल्कुल नगण्य हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर तय हो जाएगा। अपनी सरकार बनने पर गुरुग्राम को उसके नाम और उसकी छवि के मुताबिक विकास योजनाएं मूर्त रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी।

रोड़ शो से पहले कांग्रेस प्रत्याशी ने सोहना व बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में भी चुनावी जन सभाओं को संबोधित किया।

# गुरूग्राम जिला में बनाए चार-चार पिंक बूथ, यूथ बूथ और पीडब्ल्यूडी बूथ : डीसी

**राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय गुरूग्राम में स्थापित किया मॉडल बूथ**

**मॉडल बूथ पर मतदाताओं के लिए होंगी विशेष सुविधाएं**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम जिला में लोकसभा चुनाव के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं के लिए पिंक बूथ, नौजवान वोटरों के लिए यूथ बूथ और दिव्यांग मतदाताओं के लिए स्पेशल बूथ स्थापित किए गए हैं। गुरूग्राम शहर के सैक्टर 4-7 के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय परिसर में सुंदर सजावट कर एक मॉडल बूथ स्थापित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं को पूरी तवज्जो दी गई है। इसी के दृष्टिगत गुरूग्राम शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में मॉडल बूथ की स्थापना की गई है। इस बूथ को सुंदर और आकर्षित बनाने के लिए यहां विशेष सजावट की गई है। इस बूथ पर मतदाताओं के लिए एक अलग से वेटिंग रूम बनाया गया है, जहां पर एलईडी स्क्रीन लगी होगी। मतदान केंद्र के द्वार को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। यहां पर एक सेल्फी प्वाईंट और हेल्प डेस्क के रूप में एक फैसिलिटी सैंटर बनाया गया है। इस फैसिलिटी सैंटर में मतदाताओं को आवश्यक जानकारी देने के लिए बीएलओ मौजूद रहेगा। अपने छोटे बच्चों के साथ आने वाली महिलाओं के लिए एक अलग कक्ष बनाया गया है। जिसमें महिलाओं के लिए आराम से बैठने तथा बच्चों के लिए खिलौने रखे होंगे। मॉडल बूथ पर सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं रहेंगी।




डीसी ने बताया कि जिला के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं के लिए स्पेशल पिंक बूथ, नवोदित मतदाताओं के लिए यूथ बूथ तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पीडब्ल्यूडी (पीपल विद डिसेबिलिटी) बूथ स्थापित किए गए हैं। पटौदी विधानसभा क्षेत्र में सिकंदपुर बढा गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में पिंक बूथ स्थापित किया गया है। पिंक बूथ पर पोलिंग पार्टी की सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए हेलीमंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। इस पर नियुक्त कर्मचारी भी दिव्यांग होंगे। मानेसर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 18 साल की आयु पार कर चुके नौजवान मतदाताओं के लिए यूथ बूथ स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि सोहना विधानसभा क्षेत्र में सोहना शहर की सैनी धर्मशाला में बूथ नंबर 103 को पिंक बूथ, सोहना के बिजली वितरण निगम कार्यालय में स्थापित बूथ नंबर 109 को पीडब्ल्यूडी बूथ और सोहना खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बूथ नंबर 107 को यूथ बूथ बनाया गया है। इसी प्रकार बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में हेरिटेज सिटी बादशाहपुर के टेबल टेनिस रूम को पिंक बूथ, साधराणा गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में स्थापित बूथ नंबर 147 को पीडब्ल्यूडी बूथ एवं सैक्टर दस ए स्थित कैंब्रिज स्कूल में यूथ बूथ की स्थापना की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में डीएलएफ फेज-4 के अरावली श्रीराम स्कूल में स्थापित बूथ नंबर 280 को पिंक बूथ, शीतला कालोनी स्थित ज्ञानदीप स्कूल में बूथ नंबर 63 को पीडब्ल्यूडी बूथ एवं अशोक विहार के चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल के बूथ नंबर 23 को यूथ बूथ बनाया गया है। इन सभी बूथों पर मतदाताओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# विशेष पुलिस ऑबजर्वर दीपक मिश्रा ने गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

**मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराएं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी : दीपक मिश्रा**

**जनरल ऑबजर्वर डॉ दिलराज कौर व पुलिस ऑबजर्वर शकंर चौधरी ने गुड़गांव संसदीय क्षेत्र में किए गए सुरक्षा व सुविधा प्रबंधों की दी जानकारी**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए विशेष पुलिस ऑबजर्वर दीपक मिश्रा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा किए जा रहे सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी नौ विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में वैश्विक स्तर पर हमारे देश का सम्मानित स्थान है। ऐसे में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी नौ विधानसभा सीटों पर प्रत्येक मतदाता बिना किसी संकोच व भयमुक्त माहौल में वोट डाल सके।

समीक्षा बैठक में गुरूग्राम संसदीय क्षेत्र की जनरल ऑबजर्वर डॉ दिलराज कौर, पुलिस ऑबजर्वर शकंर चौधरी, एक्सपेंडिचर ऑबजर्वर दुर्गादत्त व सौरभ कुमार सहित गुरूग्राम के सीपी विकास अरोड़ा, गुरूग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान नूह के डीसी धीरेंद्र खड़गटा, रेवाड़ी के डीसी राहुल हुड्डा, एसपी शशांक कुमार सावन व नूह के एसपी वीसी माध्यम से समीक्षा बैठक से जुड़े।

विशेष पुलिस ऑबजर्वर दीपक मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि लोकतंत्र का यह त्यौहार प्रत्येक पांच साल में एक बार आता है। ऐसे में सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आने वाले चुनावों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान ड्यूटी देते समय राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रखें। अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा के साथ-साथ सतर्कता से करें। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा में कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरतें। अपनी आत्मा की आवाज सुनकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अक्सर मतदान करने के बाद भी लोग मतदान केंद्रों पर एकत्रित रहते हैं और वहां पर बातचीत शुरु कर देते हैं, इससे अव्यवस्था बनने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में विशेष सख्ती व सावधानी बरतने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ पर जाकर व्यवस्था देखें। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान से पूर्व प्रत्येक विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था का एक डम्मी टेस्ट भी कर लें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहा चूक हो सकती है। उन्होंने कहा कि चूंकि हीट वेव का ग्राफ भी निरन्तर बढ़ रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बूथ पर आवश्यक मेडिकल किट व पेरामेडिकल स्टाफ पर्याप्त मात्रा में तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर अशक्त व्यक्तियों की सुविधा के लिए पर्याप्त मात्रा में व्हील चेयर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाए। मतदान प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। इसके लिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का भी काम करें।

समीक्षा बैठक के दौरान जनरल ऑबजर्वर डॉ दिलराज कौर व पुलिस ऑबजर्वर शकंर चौधरी ने बताया कि गुड़गांव संसदीय क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तीनों जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा चिन्हित संवेदनशील बूथों पर विशेष नजर है और यहां पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। चुनाव को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाया जाएगा।

# भिन्न-भिन्न आयु वर्ग के 14 लाख 51 हजार से अधिक मतदाता 25 मई को करेंगे मतदान

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का सहयोग करेंगे वालंटियर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम जिला में इस बार विभिन्न आयु वर्गों में 14 लाख 51 हजार 954 मतदाता 25 मई को मतदान करेंगे। इनमें 18 साल से लेकर सौ वर्ष तक की आयु के मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुडग़ांव, पटौदी, बादशाहपुर व सोहना विधानसभा क्षेत्रों में कुल 14 लाख 51 हजार 954 वोटर हैं। जिनमें 49 ट्रांसजेंडर वोटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 19 साल की आयु के 33 हजार 175 मतदाता हैं। इनमें 20 हजार 429 पुरूष, 12 हजार 475 महिलाएं व एक ट्रांसजेंडर वोटर हैं। बीस से 29 आयु वर्ग के दो लाख 63 हजार 632 वोटर हैं। जिनमें एक लाख 52 हजार 770 पुरूष, एक लाख दस हजार 833 महिलाएं व 29 ट्रांसजेंडर वोटर हैं। जिला में 30 से 39 वर्ष की आयु वर्ग के तीन लाख 47 हजार 905 मतदाता हैं। इनमें एक लाख 76 हजार 197 पुरूष, एक लाख 71 हजार 699 महिलाएं एवं नौ ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि 40 से 49 आयु वर्ग के कुल तीन लाख 15 हजार 603 वोटर हैं। इनमें एक लाख 64 हजार 755 पुरूष, एक लाख 50 हजार 843 महिलाएं व पांच ट्रांसजेंडर वोटर हैं। जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 50 से 59 आयु वर्ग के कुल दो लाख 22 हजार 704 मतदाता हैं। इनमें एक लाख 17 हजार 174 पुरूष, एक लाख पांच हजार 528 महिलाएं एवं दो ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। साठ से 69 वर्ष की आयु वर्ग के एक लाख 44 हजार 273 मतदाता हैं। इनमें 72 हजार 686 पुरूष, 71 हजार 584 महिलाएं एवं तीन ट्रांसजेंडर वोटर हैं।




डीसी ने बताया कि 70 से 79 आयु वर्ग के कुल 82 हजार 954 वोटर हैं। जिनमें 40 हजार 917 पुरूष, 42 हजार 37 महिलाएं शामिल हैं। अस्सी वर्ष से 89 वर्ष तक की आयु के कुल 30 हजार 987 वोटर हैं। इनमें 15 हजार 743 पुरूष, 15 हजार 244 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 89 वर्ष से अधिक आयु के कुल दस हजार 721 मतदाता हैं।

इनमें चार हजार 638 पुरूष, 6 हजार 83 महिलाएं शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। मतदान के दिन 25 मई को बूथ पर वोट डालने के लिए आने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वालंटियर तैनात रहेंगे। इसके अलावा किसी वोटर को व्हील चेयर की आवश्यकता होगी तो वह भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# स्काईलार्क मुख्यालय में मतदान हेतु शपथ समारोह का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** स्काईलार्क मुख्यालय में डॉ. टीसी राव के नेतृत्व में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस शपथ समारोह में स्काईलार्क के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. टीसी राव ने कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव किसी भी लोकतंत्र की नींव होते हैं। हमें गर्व है कि हम सभी इस महान कार्य में अपना योगदान दे सकते हैं। डॉ. टीसी राव ने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने परिवारजनों, दोस्तों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों को भी उनके मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें ताकि सभी लोग राष्ट्र के विकास में भागीदार बन सकें। उन्होंने आगे कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें और उन्हें उनके अधिकारों का महत्व बताएं। यही एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।''



# रक्तदान से व्यक्ति को मिलता जीवन दान : विकास कुमार

## शिविर में 92 यूनिट हुआ रक्तदान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी गुरुग्राम द्वारा आज दिनांक 23 मई 2024 को सेक्टर 16 स्थित एयर इंडिया ऑफिस, वाटिका वन ऑन वन में उपायुक्त गुरुग्राम निशांत कुमार यादव व अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा निर्देशन पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर का नेतृत्व रेडक्रॉस सोसायटी से अतुल कुमार पाराशर ने किया। इस अवसर पर सचिव विकास कुमार ने कहा कि हर व्यक्ति को जो रक्तदान कर सकता है उन्हें समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने से एक व्यक्ति की दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचाने में अहम भूमिका होती है। उन्होंने आगे कहा कि इसीलिए रेडक्रॉस अनेक रक्तदान शिविर लगवाकर रक्त संग्रहण करने का काम करती है ताकि कोई भी आपातकालीन स्थिति में रक्त की कमी न रहे। कैम्प को सफल बनाने में एयर इंडिया ऑफिस से अमृता शरण वाइस प्रेसिडेंट एचआर वॉलिंटियरिंग, विजय कौशिक एसोसिएट मैनेजर वॉलिंटियरिंग, रेडक्रॉस सोसायटी टीम से अतुल कुमार पाराशर, टीबी प्रोजेक्ट से रोहितास शर्मा, सरोज, अजय एवं सिविल अस्पताल ब्लड बैंक की टीम से डॉक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं डॉ बीके राजोरा व पूरी टीम तथा रक्त दाताओं आदि का विशेष योगदान मिला।

# बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बच्चों ने शरबत बांटकर दिया मानवता का सन्देश

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने अनूठी पहल करते हुए समाज में मानवता और सद्भावना का संदेश दिया। स्कूल के बच्चों ने मिलकर शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देना था। इस मौके पर बच्चों ने भाषण, कविता, गान के माध्यम से बौद्ध धर्म पर प्रकाश डाला। इस मौके पर केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने इस अवसर पर कहा, बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें करुणा, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। हमारे बच्चों ने आज इस संदेश को सार्थक करते हुए समाज में सद्भावना फैलाने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे सामाजिक उत्तरदायित्व को समझते हैं और इसे निभाने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने आगे महात्मा बुद्ध की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की महात्मा बुद्ध ने भारत, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, तिब्बत व थाईलैंड, चीन, कोरिया, मंगोलिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया समेत समूची मानवता को सद्भावना तथा अहिसा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बुद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध 563 ईसवी पूर्व में लुबीनी (नेपाल) में पूर्णिमा तिथि (पूरे चन्द्रमा के दिन) को राजकुमार सिद्धार्थ गौतम के रूप में पैदा हुए थे। महात्मा बु गौतम बुद्ध ने धर्म, अहिसा और सद्भावना का प्रचार किया। इसलिए हमें भी इन सारे गुणों को अपने अंदर धारण करना चाहिए। बुद्ध ने बिहार के बौद्ध गया में महाबोधी वृक्ष के नीचे मुक्ति प्राप्त की थी।



# अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने गोपाल नामजोशी के आर्ट स्टूडियो का किया दौरा

**टिकाऊ जीवन और कलात्मक नवाचार के प्रमाण के साथ गुरुग्राम के सेक्टर-66 में स्थित है आर्ट स्टूडियो**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह वीरवार को सेक्टर-66 में प्रसिद्ध सार्वजनिक कला स्थापना कलाकार गोपाल नामजोशी के आर्ट स्टूडियो में पहुंचे। यह स्टूडियो टिकाऊ जीवन और कलात्मक नवाचार के प्रमाण के रूप में स्थापित किया गया है। स्टूडियो के प्रवेश द्वार पर पीले पक्षी की स्वागत मुद्रा में कलाकृति स्थापित की गई है। अतिरिक्त निगमायुक्त के पहुंचने पर कलाकार गोपाल नामजोशी ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया तथा आर्ट स्टूडियो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस स्टूडियो से 30 से अधिक स्मारकीय कलाकृतियों का निर्माण किया गया है और 30 टन औद्योगिक कबाड़ को मनोरम मूर्तियों में बदला है, जो गुरुग्राम और दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों की शोभा बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय कार्यों में गुरुग्राम के इफ्को चौक पर ताऊ की कलाकृति, नई दिल्ली में जी 20 पार्क में एक प्यूमा मूर्तिकला, दिल्ली-गुरुग्राम सीमा पर एक ईगल आउल स्थापना और पुणे में एक फ्लाईंग हॉक शामिल हैं। ये कलाकृतियां उनकी शिल्प कौशल और पर्यावरणीय चेतना के लिए जानी जाती हैं, जो अक्सर बातचीत की शुरूआत के रूप में काम करते हैं।

उल्लेखनीय है कि नामजोशी की रचनात्मक प्रक्रिया में कबाड़ हुए धातु के टुकड़ों और स्क्रैल डीलरों से मिली वस्तुओं को दोबारा उपयोग में लाना शामिल है। इस प्रकार महत्वपूर्ण मात्रा में धातु को लैंडफिल से हटा दिया जाता है। पारिस्थितिक कला के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट के से स्वर्ण पदक विजेता और सबसे बड़ी खाद्य स्थापना बनाने के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्डस में पहचान दिलाई है। वे कचरे को एक सौंदर्यपूर्ण खजाने के रूप में देखते हैं। अतिरिक्त निगमायुक्त ने आर्ट स्टूडियो में बनी हुई कई कलाकृतियों को देखा तथा कहा कि नगर निगम भी भविष्य में इस प्रकार के स्ट्रक्चर तैयार करवाकर विभिन्न स्थानों पर इसकी स्थापना करवाने की दिशा में कार्य करेगा। इससे एक ओर जहां वेस्ट-टू-आर्ट के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी, वहीं रिसायकल व रि-यूज की धारणा को बल मिलेगा।

# कवि राजपाल यादव बने भारतीय कवि संगठन के हरियाणा स्टेट कोर्डिनेटर

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** भारतीय कवि संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रशांत उपाध्याय ने पत्र जारी कर गुरुग्राम के वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार राजपाल यादव 'राज' को भारतीय कवि संगठन पंजीकृत का हरियाणा प्रान्त कॉर्डिनेटर और अटेली (महेंद्रगढ़) के वरिष्ठ कवि त्रिलोक चंद फतेहपुरी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को मज़बूती प्रदान करने का आग्रह किया है। ज्ञातव्य है कि संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष नामचीन कवि साहित्यकार विनोद राजयोगी और राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर वरिष्ठ कवि बलराम सरस ने हरियाणा के दोनों मनोनीत पदाधिकारियों में विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन को सशक्त बनाने एवं राष्ट्रीय अधिवेशनों में शिरकत करने का अनुरोध करते हुए क्रियाकलापों में वृद्धि की कामना की है।दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर अनेक राष्ट्रीय एवं प्रांतीय साहित्यकारों ने उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएँ व बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

# राजनीतिक बदलाव के लिए युवा अपनी जिम्मेदारी समझे : राज बब्बर

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** अब समय आ गया है राजनीतिक बदलाव के लिए युवा वर्ग आगे आए और अपनी जिम्मेदारी को भी समझे । सही मायने में भारत युवाओं का देश है , पूरी दुनिया में सबसे अधिक युवा वर्ग का औसत भारत में ही है। हमारा अपना युवा वर्ग ही भारत देश का भविष्य और मजबूत देश की नींव भी है। यह बात पूर्व सांसद एवं गुड़गांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार राज बब्बर ने यंगेस्ट मिस्टर यूनिवर्स राहुल जोशी को प्रोत्साहित करते हुए कही। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी सहित और भी समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राज बब्बर ने कहा देश के अनगिनत युवाओं की राय मशविरा लेकर ही कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपना घोषणा पत्र तैयार किया गया है । कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए योजनाएं बताई गई है। गौरतलब है कि युवा बॉडीबिल्डर राहुल जोशी के द्वारा यूरोपियन कंट्री लिथुआनिया में आयोजित मिस्टर यूनिवर्स एमेच्योर और प्रोफेशनल चैंपियनशिप में खिताब अपने नाम किया गया। इस चैंपियनशिप में विभिन्न देशों के युवा बॉडीबिल्डर के द्वारा अपना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। इससे पहले वर्ष 2016 से लेकर 2018 तक राहुल जोशी लगातार 3 वर्ष तक यंगेस्ट वर्ल्ड चैंपियन और मिस्टर यूनिवर्स चैंपियन का खिताब भी जीत चुके हैं।

राज बब्बर ने कहा राहुल जोशी जैसे फौलादी शरीर वाले युवाओं के इरादे भी फौलादी ही होने चाहिए। उन्होंने कहा युवा वर्ग को नशे से दूर रहते हुए इसके दुष्प्रभावों के विषय में समाज में जागरूकता लानी चाहिए। राज बब्बर ने बताया अनगिनत युवाओं के विचार लेने के बाद ही कांग्रेस पार्टी की घोषणा पत्र में 100000 की ग्रेजुएट युवाओं को पक्की नौकरी देने का वादा किया गया है । इसी प्रकार से युवा वर्ग के द्वारा अपनी उच्चतर शिक्षा के लिए लिया गया एजुकेशन लोन भी माफ किया जाएगा। इतना ही नहीं कांग्रेस के द्वारा विश्वास दिलाया गया है केंद्र में सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरी पर बिना देरी किए योग्यता के आधार पर युवाओं का चयन किया जाएगा । यंगेस्ट मिस्टर यूनिवर्स राहुल जोशी ने विश्वास दिलाया क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार और मतदान किया जाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# डीपीजी आईटीएम कॉलेज के छात्रों ने पेट्रोल से चलने वाले स्कूटर को इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप में बदला

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के अंतिम वर्ष के छात्रों ने एक पेट्रोल स्कूटर को सफलतापूर्वक इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप में बदलकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस टीम में दिव्यांशु कुमार, सागर जांगड़ा, नितिन राघव और हर्षित शर्मा शामिल हैं, जिन्होंने इस असाधारण इंजीनियरिंग कौशल और रचनात्मकता से अपने षिक्षकों का सिर गौरव से उंचा किया।



इस टीम का मार्गदर्शन उनके विभागाध्यक्ष अभि बंसल, मेंटर डॉ विधिका तिवारी, भूदेव दीक्षित, स्वाति पूनिया ने किया। परियोजना में एक मौजूदा पेट्रोल स्कूटर को इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी सिस्टम के साथ फिटिंग करना शामिल था, जिससे इसे एक स्वच्छ, पर्यावरण के अनुकूल परिवहन माध्यम में परिवर्तित किया जा सके। परिवर्तन की इस प्रक्रिया में सावधानीपूर्वक योजना और सटीक इंजीनियरिंग की आवश्यकता थी। इस टीम को स्कूटर की मौजूदा संरचना में इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी को एकीकृत करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, और कुछ सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अड़चने आईं। हालांकि, टीम की दृढ़ता और नवीन दृष्टिकोण ने एक सफल परिणाम को जन्म दिया। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रोटोटाइप न केवल पारंपरिक पेट्रोल-चालित स्कूटरों के लिए एक अधिक टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है, बल्कि छात्रों के तकनीकी विशेषज्ञता और समर्पण को भी प्रमाणित करता है। यह तकनीकि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के साथ मेल खाती है और हरित परिवहन समाधानों की प्रगति में योगदान करती है।

कॉलेज की एमडी डॉ प्रीति गहलोत एवं डायरेक्टर प्रो. आर.सी. कुहाड़ जी ने अभि बंसल और उनकी टीम को उनकी कड़ी मेहनत और इस तकनीकि के प्रति प्रतिबद्धता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इन छात्रों ने पेट्रोल स्कूटर को इलेक्ट्रिक प्रोटोटाइप में बदलने में अपनी असाधारण कौशल और रचनात्मकता का जो प्रदर्शन किया वह प्रसंषनीय है। उनकी यह उपलब्धि भविश्य के युवा इंजीनियरों को प्रेरणा प्रदान करती है जो टिकाऊ परिवहन में नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं।


कॉलेज के प्रासाषनिक अधिकारी कर्नल के.एस ठाकरान, रजिस्टार एवं डीन मुकेष यादव ने भी इस टीम को बधाई एवं षुभकामनाएं दी। छात्रों ने अपने मेंटर और कॉलेज से मिले भरपूर समर्थन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और आशा की कि उनकी यह तकनीकि अन्य छात्रों को इसी तरह की पहल करने और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। इस परियोजना पर काम करने के सफलतापूर्वक प्रयास में कॉलेज के मैकेनिकल वर्कषॉप के टेक्निषियन सुभाश भट्टी और मांगेराम जांगड़ा ने भरपूर सहयोग किया।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही देशवासियों को मिलेगा पूरा न्याय : कन्हैयालाल पाहवा

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व गुरुग्राम व्यापार मंडल के अध्यक्ष कन्हैयालाल पाहवा गोप भाई ने कहा कि केंद्र में 10 साल भाजपा की सरकार हर पैमाने पर फेल रही है। जनता के साथ किसी भी प्रकार का कोई न्याय नहीं हुआ है। देश की जनता से झूठे वायदे कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा सरकार इस बार सत्ता से हटने वाली है, क्योंकि देश की जनता अब कांग्रेस को सत्ता सौंपने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मेनिफेस्टो में गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख आर्थिक मदद देने की बात कही है और किसानों को एमएसपी कानून बनाने की बात हो उनको जनता पसंद कर रही है।





उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है और ऐसे में केंद्र में सरकार इंडिया गठबंधन की बनेगी। उन्होंने राज बब्बर के समर्थन में मतदान करने का जनता से आग्रह किया और कहा कि गुरुग्राम लोकसभा के सांसद ने पूरे 5 वर्ष जनता से दूरी बनाए रखी और जब चुनाव आए हैं तो जनता के बीच पहुंचकर वोट मांग रहे हैं। जनता समझ चुकी है कि भाजपा केवल वायदे करने वाली पार्टी है। जनता इस बार बदलाव करने जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करके भाजपा सरकार को चलता करने में अपना सहयोग दें।

# केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है भाजपा: सुंदर लाल यादव

## अपने कार्यालय पर आरडब्ल्यूए की बैठक में कही यह बात

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ हरियाणा के प्रदेश सहसंयोजक सुंदरलाल यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पद पर फिर से शपथ लेंगे। 400 पार का जो नारा दिया गया है, वह भी पूरा होगा। उन्होंने नए गुरुग्राम की करीब 100 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी के साथ अपने कार्यालय में बैठक में कही। इस बैठक में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने पिछली सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह और भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में हम बैठे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे देश का भविष्य बताया है। यह क्षेत्र पूरे देश में सबसे अग्रणी रहेगा। यहां पर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा सडक़ों का जाल बिछा दिया गया है। जिस दूरी को तय करने के लिए घंटे का समय लगता था। आप कल्पना कर सकते हो 10 से 15 मिनट में वह दूरी तय की जा सकती है। यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की देन है।



सुंदरलाल यादव ने कहा कि मुझे नए गुरुग्राम के मेरे परिवार पर पूरा भरोसा है। मेरा परिवार भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। आने वाली 25 तारीख को पूरा नया गुरुग्राम 100त्न भारतीय जनता पार्टी को वोट करेगा। यह वोट देश के उज्जवल और विकसित भविष्य को हासिल करने के लिए हमारा सहयोग होगा। हमारे देश में 2014 से पहले जो स्थिति थी उसे पूरा देश वाकिफ है। आज किसी भी रेडियो चैनल या किसी भी फोन कॉल से हमें यह नहीं बताया जाता है की लावारिस वस्तु बंब हो सकती है। यह हमारे एक वोट की ताकत है। इस वोट की ताकत से ही यह स्थिति बदली है आज पूरा देश नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहता है।

# राज बब्बर को विजयी बनाकर विकास का मार्ग खोलें: आशीष दुआ

## गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में गुरुग्राम लोकसभा की जनता

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर के समर्थन में जनता से वोटों की अपील करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आशीष दुआ ने कहा कि अब तक गुरुग्राम लोकसभा की जनता को एक तरह से ठगा गया है। यहां के सांसद ने जनता से वोट लेकर सदा दूरी बनाई है। इसलिए जनता इस बार बदलाव करने जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करके भाजपा सरकार को चलता करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राज बब्बर को विजयी बनाकर हमें अपने क्षेत्र के विकास का मार्ग खोलना है। झूठे वायदे करने वाले नेता और उसकी पार्टी पर अब भरोसा ना करके, आम आदमी की सच्ची हितैषी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पांच बार के सांसद रहे राज बब्बर जनता भरोसा कर रही है। भाजपा की तरह से गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में अपना एजेंडा, अपनी बात रख रहे हैं। आशीष दुआ ने कहा कि 10 साल से सत्ताधारी भाजपा के पास सिवाय कांग्रेस को कोसने के कोई एजेंडा नहीं है। भाजपा को हार नजर आ रही है तो अब हिंदू-मुसलिम, राम मंदिर जैसे मुद्दों को हवा दी जा रही है।



प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे बयान विवादित हैं। देश की जनता सब समझ रही है। इसलिए इस बार इंडिया गठबंधन का देश में राज आ रहा है। सब मिलकर देश को विकास के रास्ते पर लेकर जाएंगे।आशीष दुआ ने महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनावी अभियान में स्टार प्रचारक के रूप में पूरे महाराष्ट्र का दौरा किया। वहां मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने भी व्यापक प्रचार किया। ज़मीन पर जनता ने स्वयं बढ़ चढ़ कर भाग लिया जबकि प्रधानमंत्री और भाजपा की रैलियों से भीड़ गायब थी। उन्होंने हरियाणा में भी जहां छठे चरण में 25 तारिख को चुनाव होने जा रहे हैं, वैसा ही उत्साह जनता में है, जो कॉंग्रेस की जीत निश्चित करा रही है। अबकी बार, मोदी सरकार नहीं, देश को भारत सरकार चाहिए।

# रिकॉर्ड मतों से होगी राव इंद्रजीत सिंह की जीत : सुधीर सिंगला



## भाजपा से लगातार तीसरी बार सांसद बनेंगे राव इंद्रजीत सिंह

## लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विधायक सुधीर सिंगला ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

## 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक वोट पोल कराने के लिए किया प्रेरित

समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** गुडग़ांव के विधायक सुधीर सिंगला ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस दौरान विधायक ने उन्हें चुनाव में अधिक से अधिक वोट डलवाने के लिए प्रेरित किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुडग़ांव लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह काफी मजबूत स्थिति में हैं। ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर वे कह सकते हैं कि इस बार उनकी जीत के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। हर बार वे पहले से अधिक वोट लेकर चुनाव में जीत दर्ज करते हैं। इस बार और बड़ी जीत उनकी होगी।

विधायक ने कहा कि साफ छवि, ईमानदारी नेता के रूप में राव इंद्रजीत सिंह की पहचान है। केंद्र सरकार में उन्हें उचित सम्मान भी मिलता है। हर बार वे मंत्री पद पर विराजमान किए जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी से लगातार तीसरी बार वे गुडग़ांव लोकसभा सीट से जीत दर्ज करके हैट्रिक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत ङ्क्षसह की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जिस तरह से अब तक कार्र्य करता आया है, उसी तरह से चुनाव संपन्न होने तक काम करे। हमें जीत से पहले जश्न ना मनाकर जीत को बड़ा बनाना है। यह सब हम सब कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही सफल होगा।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जिस तरह से गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में केंद्र सरकार की योजनाओं से अनेकों विकास के काम हुए हैं, उसके आधार पर हरियाणा की सभी 10 सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में जनता डालने जा रही है। साथ ही करनाल विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की भी रिकॉर्ड जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश की जनता 400 सीटों से अधिक सीटें देगी और केंद्र में मजबूत सरकार बनेगी। आम और गरीब आदमी के हित में अनेक योजनाएं चलाकर केंद्र सरकार ने लोगों को सहूलियत दी है। हर वर्ग के हित में योजनाएं केंद्र और प्रदेश सरकार ने शुरू कर रखी हैं। इसलिए देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में विश्वास जता रही है। विधायक ने कहा कि वे स्वयं जनता के बीच रहे हैं। संगठन की ओर से उन्हें राजस्थान में भेजा गया। वहां जनता से मिलकर साफ हो गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में सभी का पूर्ण विश्वास है। ऐसे में सरकार बनने में किसी तरह की कोई बाधा नहीं है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, अजीत भारद्वाज, प्रियवर्त कटारिया, धर्मेंद्र बजाज, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, निवर्तमान पार्षद सुभाष सिंगला, मनीष वजीराबाद, धर्मवीर बाघोरिया, प्रवेश बागोरिया, कर्मवीर यादव, सज्जन सिंह, आशीष गुप्ता, सूरज गोयल, प्रवीन सिंगला, सिद्धार्थ भाटिया, महेश सरपंच, कुंजल राठौर, पुरु आजाद, नीरज यादव, अश्वनी, दिनेश यादव, नीरज यादव, सुनील घोड़ारोप, नरेश, वीरेंद्र, भगत कटारिया, पार्षद अनूप सिंह, संजय, मंगत राम बागड़ी, परमिंदर कटारिया, योगेंद्र सारवान, हेमन्त कुमार, योगेश खटाना, मनीष कुमार, विजय झा, चंचल शर्मा, चांद किरण सारवान, सुशीला शर्मा, पुष्पा कुलदीप यादव, निवर्तमान पार्षद धर्मवीर, निवर्तमान ब्रह्म यादव, अश्वनी शर्मा, आरपी सिंह, कपिल अग्रवाल, रोहित कुमार, मोहित कुमार, दलीप साहनी, वीरेंद्र यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से चुनाव में मिलने वाली जिम्मेदारियों का बेहतरी से निर्वहन करने की बात कही।




## संपादकीय

# चुनाव परिणाम और फिजूल की अटकलें




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पांचवें चरण के तहत 20 मई को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले गये, अब दो ही चरण की वोटिंग शेष रह गई है। शेष रहे दो चरणों के चुनाव पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं और जैसे-जैसे चुनाव सम्पन्नता की ओर बढ़ रहे हैं, राजनीतिक दलों की आक्रामकता अब चुनाव परिणामों को लेकर फिजूल की अटकलों के रूप में देखने को मिल रही है। वैसे तो तीन चरणों के बाद ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलें पर सारे चुनावी परिदृश्य बन रहे हैं। आम मतदाता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस करने की बजाय चुनाव नतीजों की भविष्यवाणियों में चुनाव परिदृश्यों को भटकाने की कुचेष्टाएं हो रही है, यह लोकतंत्र के इस महानुष्ठान को धुंधलाने का दूषित प्रयास है। चुनाव परिणामों को लेकर हो रही इन चर्चाओं से जहां आम मतदाता भ्रमित हो रहा है, वही देश के शेयर बाजारों में गिरावट की स्थितियां आर्थिक असंतुलन का कारण बन रही है। राजनीतिक दलों की सोची-समझी रणनीति के तहत चुनाव परिणामों की संभावनाएं व्यक्त करना, अटकले एवं कयास लगाना चुनावी परिदृश्यों को भटकाने की कोशिशें हैं, इसमें राजनीतिक विश्लेषण और उनके निष्कर्ष भी कहीं-न-कहीं ऐसा वातावरण बना रहे हैं, जिससे मतदाता को लुभाया जा सके, भटकाया जा सके या गुमराह किया जा सके।

कांग्रेस हो या भाजपा और अन्य दल सभी चुनाव परिणाम की अटकलों पर ध्यान लगाये हुए हैं, वे ऐसी अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं करते हुए जीत के दावे कर रहे हैं, जिससे मतदाता द्वंद्व की स्थिति में हैं। राजनीतिक दलों ने राष्ट्र के जरूरी एवं बुनियादी मुद्दें को तवज्जों न देकर राजनीतिक अपरिपक्वता का ही परिचय दिया है। दिक्कत यह है कि सभी पार्टियां अपने दल या गठबंधन की जीत को सुनिश्चित बताते हुए इस तरह के विश्लेषण और निष्कर्ष निकाल रहे हैं जो सत्यता से दूर हैं। ऐसे निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे एवं विपक्षी दल भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक उत्तरप्रदेश की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। ऐसी ही भविष्यवाणियां इस बार भी बढ़-चढ़ कर हो रही है, लेकिन इस बार के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित होने वाले हैं, चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले होंगे।

निश्चित ही चुनाव परिणामों से जुड़ी अटकलों का शेष रहे दो चुनाव चरणों पर व्यापक प्रभाव पड़ता हैं। पहले तीन चरणों के कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट प्रतिशत का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्पर विरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सच्चाई 4 जून को ही सामने आएगी। लेकिन चुनाव परिणामों को लेकर विरोधाभासी अटकलों का असर मतदाता पर पड़ता ही है। समूचे देश की बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। कई चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार 2019 के चुनाव में पुलवामा में हुई घटनाओं और उसके बाद बालाकोट में जो हुआ उसके बाद देश भर में राष्ट्रीय सुरक्षा की लहर दौड़ गई थी। इस बार सोचा गया था कि श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन का व्यापक असर होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विकास का मुद्दा अवश्य मतदाता के दिमाग में रहा है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा।

## बुद्ध पूर्णिमा पर गुढ़ा बस स्टैंड पर छबील लगाकर यात्रियों को पिलाया मीठा जल

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**



**कनीना।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग स्थित गांव गुढ़ा के बस स्टैंड पर युवाओं ने छबील लगाकर यात्रियों को ठंडा- मीठा जल पिलाया गर्मी के बढ़ते तापमान को लेकर रोजमर्रा की दिनचर्या चरमरा गई है वही ग्रामीण युवक्रयात्रियों को चिलचिलाती धूप के मध्य जल पिलाने की सेवा कर रहे हैं सड़क से गुजरने वाले निजी व यात्री वाहनों को रोककर उन्होंने दिन भर ठंडा-मीठा पानी पिलाया समाजसेवी युवक दीपक ने बताया कि सनातन धर्म में प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाने का बड़ा पुण्य बताया गया है वैशाख- ज्येष्ठ मास में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी पर भी छबील का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर चंदगी सोनी, संदीप यादव, हर्षित जांगड़ा,अशोक यादव, परमात्मा यादव, राजेश उपस्थित थे

## दादा छाजुवीर आश्रम गुढ़ा में 5 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव गुढ़ा स्थिति दादा छजुवीर धर्म सभा आश्रम प्रांगण में पिछले 5 दिन से जारी श्रीमद भागवत कथा का बृहस्पतिवार को विधिवत समापन हो गया कथा वाचक राधिका किशोरी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया कथा के शुभारंभ पर सत्यनारायण मंदिर से दादा छाजुवीर आश्रम तक कलश यात्रा निकली गई थी दादा छाजुवीर धर्म सभा गुढा के कार्यवाह प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि कथावाचक राधिका किशोरी की ओर से प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 तक कथा की गई पिछले 5 दिन से जारी श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन किया गया कथा के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

## करीरा गांव से सोलर स्ट्रीट लाइट चोरी, केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव करीरा में पूर्व पंचायत द्वारा लगाई गई स्ट्रीट सोलर लाइट चोरी होने पर पुलिस ने केस दर्ज किया है इस बारे में ग्रामीण उदय सिंह की ओर से कनीना सिटी थाने में दी गई शिकायत में कहा कि पूर्व पंचायत की ओर से स्ट्रीट लाइट की तर्ज पर गांव में सोलर लाइट लगवाई गई थी जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए लाइट चोरी होने के बाद गांव की गलियों में अंधेरा छाया रहता है जिससे ग्रामीण परेशान है पुलिस ने उदय सिंह की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 2024 के चुनाव में एक तरफ जांचा-परखा मोदी है तो दूसरी तरफ 5 साल 5 पीएम फार्मूला : मोदी

### भिवानी-महेंद्रगढ़ समेत हरियाणा की सभी सीटों पर जनता जनार्दन कमल खिलाने का मन बना चुकी है : मोदी

**इंडी गठबंधन वाले लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा**

**कांग्रेस ने वोटबैंक के लिए देश का विभाजन करवाया और दो-दो मुस्लिम राष्ट्र बनाए, अब इंडी वाले लोग कह रहे हैं कि बचे हुए भारत पर भी पहला अधिकार मुसलमानों का है**

**चुनाव के 5 चरणों में ही इंडी जमात का ढोल फट गया है**

**हरियाणा में पूरे दिन लोग राम-राम बोलते है लेकिन कांग्रेस पूरे देश से ही राम को हटाना चाहती है**

**हरियाणा के किसान भी कांग्रेस के विश्वासघात के भुक्तभोगी हैं**

**रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कांग्रेस पर हमला बोला और मोदी सरकार की उपलबधियां भी गिनवाई**





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के पाली गांव में आयोजित विजय संकल्प रैली में कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन पर भ्रष्टाचार, परिवारवाद व किसानों की अनदेखी को लेकर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे राजनीति की बहुत सारी शिक्षा हरियाणा और पंजाब से मिली है। हरियाणा के सादा भोजन की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा -जित सीधा साधा खाना वो मेरा हरियाणा'।

उन्होंने कहा कि भारत विरोधी ताकतें पूरी कोशिश करती रहती हैं, लेकिन मोदी झुकने वाला नहीं है। अभी मोदी को देश की जनता का कर्ज चुकाने के लिए बहुत काम करना है। देश और हरियाणा को नई ऊंचाई पर लेकर जाना है और इसके लिए जरूरी है 'फिर एक बार, भाजपा सरकार'। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी, गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह और भिवानी महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा सहित तमाम बड़े मंच पर उपस्थित रहे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है, आप प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा, परखा हुआ सेवक मोदी है और दूसरी ओर प्रधानमंत्री पद के लिए कौन सा चेहरा है, उसका पता ही नहीं है। इंडी गठबंधन का हाल तो ऐसा है कि गाय ने अभी दूध दिया नहीं और घी खाने के लिए झगड़ा शुरू हो गया। वह कहते हैं कि हर वर्ष एक व्यक्ति भारत का प्रधानमंत्री होगा, यानी 5 वर्ष में 5 प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन के लोग देश को फिर से गड्डे में धकेलना चाहते हैं। इंडी गठबंधन के लोग घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। देश की जनता इंडी जमात के इरादे को पहले ही भांप चुकी है, इसीलिए इनका ये हाल हुआ है। चुनाव के 5 चरणों में ही इंडी जमात का ढोल फट गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीसरे चरण के बाद से ही घमंडिया गठबंधन ने रोना शुरू कर दिया। उन्होंने अभी से ये ग्राउंड बनाना शुरू कर दिया है कि पराजय का ठीकरा किसके सर फोड़ा जाएगा और इसीलिए ईवीएम पर आरोप लगाने शुरू कर दिए हैं। जिस भूमि पर फसल न हो उसमें कोई भी किसान एक भी बीज नहीं बोएगा। लोगों को पता है कि घमंडिया गठबंधन की सरकार नहीं बनने वाली है, इसलिए कोई उन्हें वोट नहीं दे रहा है। कांग्रेस को दिया गया हर वोट खराब जाने वाला है।

मोदी ने कहा कि 2024 के चुनाव में पूरा देश कांग्रेस की सच्चाई जान गया है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने वोट बैंक के लिए देश का विभाजन करवाया। एक भारत और दो मुस्लिम राष्ट्र बनाए। अब ये कह रहे हैं कि बचे हुए भारत पर भी पहला अधिकार मुसलमानों का है। इंडी गठबंधन वाले पिछड़े, दलित और आदिवासियों का आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालों को देना चाहते हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में भी पिछड़े, दलित और आदिवासियों के आरक्षण के षड्यंत्र का भांडा फोड़ दिया है। बंगाल की सरकार ने मुसलमानों को रातों-रात ओबीसी का सर्टिफिकेट दे दिया था, जो आरक्षण ओबीसी को मिलना चाहिए वो सारा मुसलमानों को बांटा जा रहा था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल में 2010 से लेकर अभी तक के सभी वर्षों में मुसलमानों को दिए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए। पीएम मोदी ने कहा कि यदि कोर्ट न होता तो पिछड़े समाज के लोग क्या करते? बंगाल की सीएम ने घोषणा कर दी है कि वो हाईकोर्ट का फैसला नहीं मानेंगी और पिछड़ों का आरक्षण मुसलमानों को देकर रहेंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी और इंडी गठबंधन के सभी दल अपने वोट बैंक के साथ डटकर खड़े हो गए हैं। इसीलिए हरियाणा के सभी पिछड़े, दलित और आदिवासियों को मोदी ये भरोसा देने आया है, कि जब तक मोदी जीवित है कोई भी आपका आरक्षण नहीं छीन सकता। वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उनका चौकीदार है। अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इंडी गठबंधन के नेता कुछ भी कर सकते है।

मोदी ने कहा कि हरियाणा में पूरे दिन लोग राम-राम बोलते है, राम-राम के बिना हरियाणा में कोई काम नहीं होता है, लेकिन कांग्रेस का बस चले तो हरियाणा में राम का नाम लेने वालों को गिरफ्तार कर ले। कांग्रेस पूरे देश से ही राम को हटाना चाहती है। कांग्रेस ने राम मंदिर नहीं बनने दिया बल्कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का भी बहिष्कार कर दिया। शहजादे के सलाहकार ने एक बड़ा खुलासा किया है कि कांग्रेस राम मंदिर पर ताला लगाने का षड्यंत्र रच रही है। कांग्रेस राम लला को फिर से टेंट में भेजना चाहती है लेकिन हरियाणा की जनता इन लोगों को हर बूथ से साफ करके करारा जवाब देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ जनता की आस्था का ही नहीं बल्कि तिरंगे का भी अपमान करती है। कांग्रेस ने कश्मीर को 70 वर्ष तक धारा 370 के नाम पर देश से अलग रखा। कांग्रेस ने कश्मीर में तिरंगा फहराने नहीं दिया और आज सत्ता में वापस आने पर धारा 370 बहाल करने की बात करते हैं। कांग्रेस ने पूर्व सैनिकों को 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना से वंचित रखकर भी धोखा दिया है। कांग्रेस वन रैंक, वन पेंशन के लिए 500 करोड़ रुपये देने का झूठ बोलती थी, जो सिर्फ चुनाव जीतने के लिए पूर्व सैनिकों के साथ विश्वासघात था।

कांग्रेस के मन में सेना और सैनिकों के खिलाफ नफरत का भाव भरा पड़ा है। 1962 में कांग्रेस ने जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में चीनी सेना के खिलाफ हार के लिए भारतीय सेना को दोषी ठहराती है और आज भी गांधी परिवार सैनिकों का अपमान करने का मौका ढूंढती है, लेकिन मोदी ने कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित 500 करोड़ रुपये के मुकाबले 1.25 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के साथ वन रैंक, वन पेंशन को मंजूरी दी है और ये 1.25 लाख करोड़ रुपए सैनिकों के बैंक खातों में जमा हो चुके हैं। जब सैनिकों का मान रखने का जज्बा होता है तो काम भी उसी जज्बे से होता है।

मोदी जी ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा को लूटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस के समय में हरियाणा का मुख्यमंत्री अपने जिले के बाहर कोई विकास नहीं करता था। हर क्षेत्र में लूट का खुला खेल चलता था और नौकरी के नाम पर जमीनें बिकवाई जाती थी। ट्रांसफर-पोस्टिंग का खुला उद्योग था, सड़कों की हालत बेहाल थी और उद्योग खतरे में थे। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने कांग्रेस के पाप धोने के लिए के लिए अथक परिश्रम किए हैं। आज हरियाणा में आधुनिक हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं। अब न तो दिल्ली दूर है और न ही चंडीगढ़ एवं द्वारका एक्सप्रेस-वे से गुरूग्राम के वासियों का जीवन आसान हो गया है। पूरे क्षेत्र में नए उद्योग लग रहे हैं और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। अगले 5 वर्षों में इस देश में एक बड़ी क्रांति का समय आने वाला है। नए-नए क्षेत्र हमारे देश के युवाओं का भाग्य बदल देंगे। सेमीकंडक्टर सेक्टर, ड्रोन सेक्टर, स्टार्टअप सेक्टर, ग्रीन एनर्जी सेक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन हब, फार्मा हब और कई अन्य सेक्टर युवाओं के सपने पूरे करेंगे क्योंकि 'जनता का सपना ही मोदी का संकल्प है।'

मोदी ने कहा कि हरियाणा के किसान भी कांग्रेस के विश्वासघात के भुक्तभोगी हैं। यहां कांग्रेस ने किसानों के लिए सिंचाई के पानी तक की व्यवस्था नहीं की थी। भाजपा सरकार नहरों को जोड़कर पानी पहुंचा रही है और हरियाणा में 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। मोदी ने 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी ली है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कई वैश्विक नेताओं ने भारत का दौरा किया और उन्हें बाजरा परोसा गया, यहां तक कि व्हाइट हाउस में रात्रिभोज के दौरान भी नेताओं को खाने के लिए बाजरा परोसा गया क्योंकि मोदी ने इसका समर्थन किया था। इससे हरियाणा के किसानों और बाजरे की फसल को बढ़ावा मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हरियाणा के विकास के लिए भाजपा ने चौधरी बंसी लाल के साथ सरकार चलाई थी। चौधरी बंसी लाल के पास अनुभव की कमी नहीं थी और स्वामी दयानंद सरस्वती की बात होने पर वे भावुक हो जाते थे। इन सभी महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए ये मोदी की गारंटी है कि भाजपा हरियाणा का विकास रुकने नहीं देगी। आदरणीय श्री मोदी जी ने स्थानीय प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, मंत्री राव अभय सिंह,, मंत्री जेपी दलाल, मंत्री बनवारी लाल, संदीप जोशी, वरिष्ठ नेता रामबिलास शर्मा, विधायक लक्ष्मण यादव, विधायक सीताराम, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव, मुख्य प्रवक्ता जवाहर यादव, प्रवक्ता वंदना पोपली, बबीता फोगाट, संतोष यादव, महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, शंकर घूप्पड़ सहित तमाम बड़े नेता उपस्थित रहे।

**दस वर्षों में पीएम मोदी ने देश ही नहीं हरियाणा को नई दिशा दी : सीएम सैनी**

पाली के 'महाविजय संकल्प रैली' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा के लोगों से काफी लगाव है। दस वर्षों में पीएम मोदी ने देश ही नहीं हरियाणा को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले युवाओं में अविश्वास रहता था। युवाओं को नौकरी बिना पर्ची-खर्ची के नहीं मिलती थी पर अब हमारी सरकार युवाओं को एक सिस्टम से नौकरी दे रही है। अब किसी को नौकरी के लिए जमीन बेचने और सिफारशी पत्र लाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अहिरमल पगड़ी पहना कर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को केंद्रीय मंत्री और गुरुग्राम से लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने गदा और भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह ने जयराम दास की फोटो भेंट की। महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महेन्द्रगढ़ से चंडीगढ़ जाने में 8 घंटे लगते थे पर अब 2.5 घंटे लगते हैं। हमारी सरकार ने रोड़, इंरफ्रास्ट्रक्चर पर काफी मजबूती से काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हरियाणा की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज सारे देश में प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा की 400 से अधिक सीटें मिलने की लहर है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों के जोश और उनके प्रधानमंत्री मोदी से प्रेम को देखते हुए लगता है, मतदाता लोकसभा की 10 और एक विधानसभा सीट पर कमल का बटन दबा कर बीजेपी को विजयी बनाएंगें। 4 जून को जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आयेगें तो पीएम मोदी को भारी बहुमत मिलेगी।

भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नये भारत का निर्माण कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हरियाणा को एक एम्स दिया है और दिल्ली में द्वारका एक्सप्रेस- वे बना कर दिल्ली और गुरुग्राम के लोगों सहुलियत दी है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को जाम जैसी समस्या से रूबरू होना नहीं पड़ता है। डबल इंजन की सरकार ने काफी विकास कार्य किए हैं। आज जनता मोदी की गांरटी पर भरोसा करती है।


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

अब आपके शहर में

फरीदाबाद

दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।

Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING

MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS

SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.

hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269

# प्रधानमंत्री अन्न योजना तथा आयुष्मान कार्ड योजना के हरियाणा प्रदेश में 1,81,04,118 लाभार्थी : डॉ. सतीश खोला



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश खोला ने बताया की हरियाणा प्रदेश में प्रधानमंत्री अन्न योजना तथा आयुष्मान कार्ड योजना के 1,81,04,118 लाभार्थी है जिनको महीने का राशन तथा पांच लाख रुपयों का इलाज मुफ्त मिलता है। उन्होने बताया कि अंबाला जिले में 720612, भिवानी में 861348, दादरी में 341869, फरीदाबाद में 1307806, फतेहाबाद में 726824, गुरुग्राम में 677000, हिसार में 1265282, झज्जर में 574652, जींद में 942741, कैथल में 790707, करनाल में 1052397, कुरुक्षेत्र में 675815, महेंद्रगढ़ में 618887, मेवात में 1271317, पलवल में 929524, पंचकूला में 319503, पानीपत में 945608, रेवाड़ी में 558026, रोहतक में 657717, सिरसा में 983755, सोनीपत में 952423, यमुनानगर में 930405 लाभार्थी हैं ।

डॉ.सतीश खोला ने कहा मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी देखी है। इनकी सोच गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने की है, इसलिए गरीबों के हितों की योजनाओं पर ज्यादा फोकस करते हैं। उन्होंने बताया की एक लाख अस्सी हज़ार से कम आमदनी वाले परिवार का बीपीएल कार्ड बनता है। फिर वह परिवार राशन आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए स्वत: पात्र हो जाता है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में इस वर्ग का प्रमुखता से हाथ रहेगा। डॉ. सतीश खोला के कार्यालय पर सभी जिलों के हज़ारों लाभार्थियों के पत्र भी आए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीब कल्याण की योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया गया है। सैकडों नागरिकों ने धन्यवाद पत्र में लिखा है कि मोदी जी वास्तव में देश, प्रदेश की जनता को अपना परिवार मानते हैं, इसलिए वे अपने लाखों परिवारजनों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाकर लाभ पहुंचा रहे हैं। सभी ने मोदी जी को भारत का असली सपूत बताते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए उनका आभार भी जताया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, रेवाड़ी पुलिस व अर्धसैनिक बल ने शहर में निकला फ्लैग मार्च



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रेवाड़ी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशानुसार पर लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शहर रेवाड़ी में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व बीएसएफ की टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की ।

डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव होने हैं। जिला रेवाड़ी में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने बीएसएफ जवानों के साथ मिलकर शहर रेवाड़ी में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

डीएसपी ने बताया कि प्रबन्धक थाना शहर रेवाड़ी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, प्रबन्धक थाना माडल टाऊन निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रबन्धक थाना रामपुरा निरीक्षक मुकेश चन्द, लाईन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च राव अभय सिंह चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### लोकसभा चुनाव से पूर्व अहीरवाल में भाजपा को बड़ा झटका

# पूर्व मंत्री व रोहतक लोकसभा के कोसली विधानसभा प्रभारी रहे वरिष्ठ नेता जसवंत बावल ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का थामा दामन



### राज्यसभा सांसद ने कांग्रेस में शामिल कराते हुए कहा कांग्रेस में दिया जाएगा पूरा मान-सम्मान

### पूर्व मंत्री की घर वापसी से कार्यकर्ताओं में समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व अहीरवाल में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री व लोकसभा चुनाव में रोहतक क्षेत्र के कोसली विधानसभा चुनाव प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह बावल भाजपा को अलविदा कहते हुए अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। राज्यसभा सांसद चौ. दीपेंद्र हुड्डा ने पूर्व मंत्री को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। बावल विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनकर बंसीलाल सरकार में मंत्री रहे जसवंत सिंह बावल पिछले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में रहकर पूरी मजबूती के साथ संगठन को मजबूत बनाने में जुटे थे। जिसके चलते उन्हें लोकसभा चुनाव में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के कोसली विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया गया था। किंतु अचानक नयागांव जाट में चुनाव प्रचार के दौरान पहुंचे राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा को अलविदा कहकर अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पूर्व मंत्री जसवंत बावल को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया तथा विश्वास दिलाया कि उन्हें कांग्रेस पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद निश्चित रूप से अहीरवाल क्षेत्र विशेषकर बावल में संगठन को और ताकत मिलेगी। पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के संगठन को लगातार मजबूत करने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटे हुए थे, लेकिन हाईकमान की ओर से उन्हें अनदेखा किया जा रहा था। इसके अलावा जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए, उससे भी उन्हें महरूम रखा गया। जिसके चलते उन्होंने अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श करने के उपरांत ही यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बावल विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी को पूरे अहीरवाल क्षेत्र में मजबूत किया जाएगा। पूर्व मंत्री की कांग्रेस में घर वापसी के बाद उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में भी भारी जोश व उत्साह बना हुआ है।

# लोकसभा चुनाव मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी श्री शशांक कुमार सावन ने जवानों को दिए अहम निर्देश

### निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से चुनाव करवाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिक : एसपी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी शशांक कुमार सावन ने वीरवार को पुलिस लाईन रेवाडी में 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा के आम चुनाव को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी पर्यवेक्षण अधिकारियो, थाना प्रबंधकों, क्राइम युनिट, सभी चौकी ईन्चार्ज व चुनाव डियूटी में लगे पुलिस बल को पुलिस लाइन में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित समस्त बल को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है, इसलिए पोलिंग बूथों एवं ड्यूटी पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी निष्पक्षता के साथ ड्यूटी करे। ड्यूटी के दौरान मतदान केन्द्रों के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दे, मतदान केन्द्र के अंदर कोई भी व्यक्ति मोबाइल फ़ोन व अन्य प्रतिबंधित वस्तु न ले जाने पाये, चुनाव प्रक्रिया में विघ्न डालने वालों/आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें, पीठासीन अधिकारी का पूर्ण सहयोग करें, सेक्टर, जोनल व अन्य उच्च अधिकारीयो के नंबर अपने पास रखे। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन ना करें।

मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी सूचना के सम्बंध में डायल 112, सम्बंधित थाना प्रभारी व उच्चाधिकारी को दूरभाष द्वारा तत्काल सूचित किया जाए। ड्यूटी पर लगी समस्त पुलिस फोर्स मतदाताओं से मधुर व्यवहार करे। किसी भी प्रकार की अभद्रता ना होने पाये। चुनाव के दौरान पूर्ण मनोयोग व पूरी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें ताकि निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर जिला में कुल 2115 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके साथ होमगार्ड की तैनाती पर भी रहेगी। कुल 503 लोकेशन पर स्थित 781 बूथ पर मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। 3 लोकेशन पर स्थित वल्नरेबल/क्रिटिकल बूथ्स पर नॉर्म्स के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके आलावा बीएसएफ 01 कंपनी अतिरिक्त तैनात रहेगी। जिला रेवाड़ी में कुल 55 पेट्रोलिंग पार्टी नियुक्त की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के ओवरऑल इंचार्ज डीएसपी होंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर 25 इआरवी (डायल-112 वाहन) तैनात रहगी।


पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव में लगे जवानों के खाने पीने और ठहरने का समुचित प्रबंध किया गया है, ताकि वह अपनी ड्यूटी का निर्वहन सही तरीके से कर सके। उन्होंने कहा कि गुरुवार शाम 6:00 बजे से शनिवार शाम 6:00 बजे तक जिले में शराब की बिक्री बंद रहेगी। इसी तरह थाना प्रबंधक होटल ढाबा व धर्मशाला को चेक करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो कि कोई बाहरी राजनीतिक व्यक्ति किसी गतिविधि को अंजाम देने के लिए यहां रुका ना हो। राजनीतिक गतिविधियों हेतु लाउडस्पीकर के प्रयोग पर भी शाम 6 बजे के बाद से लेकर 25 मई को मतदान समाप्ति तक पाबंदी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता के प्रभाव में आने से लेकर अब तक माहौल शांतिपूर्ण रहा है। आमजन से अपील है कि चुनाव के दिन व चुनाव के बाद भी माहौल शांतिपूर्ण रखे। यदि कोई व्यक्ति गैर कानूनी गतिविधि में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ विधि अनुसार ठोस व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, डीएसपी बावल नरेंद्र सांगवान, डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी , डीएसपी कोसली जयसिंह, सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट, चौकी इंजार्च व चुनाव ड्यूटी में तैनात अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

# सेवा स्तम्भ एवम धम्म भूमि ने मनाया बुद्ध जयन्ती महोत्सव



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सेवा स्तम्भ जिला इकाई की ओर से जिला कार्यालय डॉ बीआर अम्बेडकर पार्क एवं पुस्तकालय मॉडल टाउन रेवाड़ी में जिला प्रधान भगत सिंह सांभरिया की अध्यक्षता में मनाया गया ।सर्वप्रथम महामानव बुद्ध को पुष्प अर्पित करके कैंडल प्रज्वलित की गई ।उसके बाद जिला प्रधान भगत सिंह सांभरिया ने त्रिशरण, पंचसील एवं बुद्ध वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। मंच संचालन आर.पी.सिंह दहिया ने किया। सभी वक्ताओं ने महात्मा बुद्ध की जीवनी व शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला व उनकी शिक्षाओं पर अमल करने का संकल्प लिया ।आर.पी.सिंह दहिया ने अपने वक्तव्य में बताया कि इसे त्रिगुण ,त्रिविध पावन पर्व के नाम से जाना जाता है। संसार मे केवल महात्मा बुद्ध ही एक ऐसे महामानव हुए है जिनका जम्म ,ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण एक ही शुभ दिन वैसाखी बुद्ध पूर्णिमा को हुआ। पूरे संसार मे ऐसी तीन घटनाएं महात्मा बुद्ध के अलावा किसी भी महापुरुष के साथ घटित नही हुई है ।इस प्रकार बुद्ध वैसाखी पूर्णिमा मंगलकारी एवं पावन पर्व है वर्ष की सभी पूर्णिमा मंगलकारी है। इनका जन्म भले ही भारत मे हुआ, लेकिन आज संसार मे बहुत से देश बुद्धिस्ट है। आज इस शुभ अवसर पर जिला प्रधान भगतसिंह सांभरिया, महासचिव आर.पी सिंह दहिया, चीफ धनपत सिंह गिरदावर, राजकुमार जलवा, रामनिवास गोठवाल, जितेंद्र मेहरा, राजेश कुमार सुलखा, सत्यवीर गोठवाल, लक्ष्मीबाई लिसाना, होमिका, वर्णिका, जश्न सांभरिया आदि उपस्थित रहे।




# फरीदाबाद के निर्माण में पंजाबी समाज का रहा अहम योगदान : कृष्णपाल गुर्जर

## भाजपा प्रत्याशी बोले, कांग्रेस बताए विधानसभा चुनावों में कितने पंजाबियों को देगी टिकट

## रोड शो में उमड़े अपार जनसैलाब ने भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की भरी हुंकार

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने अपने चुनावी अभियान में अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए जहां दर्जनों चुनावी सभाओं को संबोधित किया वहीं बडखल विधानसभा क्षेत्र के पंजाबी बाहुल्य इलाकों में विशाल रोड शो निकालकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। यह रोड शो एक-दो नंबर चौक से शुरू होकर शहर के बाजारों से होकर गुजरते हुए कल्याण सिंह चौक एक नंबर मार्किट में सम्पन्न हुआ, जिसमें पंजाबी समाज के साथ-साथ छत्तीस बिरादरी के लोगों ने पूरे जोर-खरोश के साथ कृष्णपाल गुर्जर का पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया और एकजुट होकर श्री गुर्जर के समर्थन में हुंकार भरते हुए उन्हें भारी बहुमत से तीसरी बार संसद भेजने का संकल्प लिया। जहां-जहां से रोड शो गुजरा, वहां-वहां सैकड़ों लोगों का काफिला इसमें जुड़ता गया और यह एक विशाल जुलूस के रुप में तब्दील हो गया। रोड शो में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने तालियों की गडगड़ाहट के बीच श्री गुर्जर का अभिवादन किया और दोनों हाथ उठाकर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी



कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस प्रत्याशी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जब वह अपनी राजनीति के उच्च शिखर पर थे, तब उन्होंने फरीदाबाद का विकास नहीं किया, भला अब किस मुंह से जनता के बीच वोट मांग रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंजाबी समाज को केवल वोटबैंक के रुप में इस्तेमाल करती है और सत्ता में आने के बाद इस समाज की अनदेखी करती है, उन्होंने कांग्रेस पार्टी से सवाल करते हुए कहा कि वह स्पष्ट करे कि आने वाले विधानसभा चुनावों में फरीदाबाद की नौ विधानसभाओं में से वह कितनी सीटें पंजाबियों को देगी ? क्योंकि पिछले दो बार के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने किसी भी पंजाबी कार्यकर्ता को टिकट नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के निर्माण में पंजाबी समाज का अह्म योगदान रहा है, इस मेहनतकश समाज ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देशहित में अपना दायित्व निभाया है, यही कारण है कि इस समाज के लोग अपनी बेहतर कार्यशैली के चलते न केवल हरियाणा बल्कि देशभर में अपना नाम ऊंचा कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज जो सम्मान पंजाबी समाज के लोगों ने उन्हें दिया है, उसके लिए वह सदैव उनके ऋणी रहेंगे और सबको साथ लेकर फरीदाबाद का चहुंमुखी विकास कराएंगे। सभाओं एवं रोड शो में उमड़े जनसमूह से उत्साहित कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी के प्रति लोगों में उत्साह है, उससे स्पष्ट है कि देश में फिर से तीसरी बार भाजपा की बहुमत की सरकार बनने वाली है, बस आपको अपने इस जोश को कम नहीं होने देना और 25 मई को कमल का बटन दबाकर इसे सुनिश्चित करना है क्योंकि जैसे ही आप कमल का बटन दबाओ, आपकी ताकत कृष्णपाल को मिलेगी और कृष्णपाल के माध्यम से नरेंद्र मोदी मजबूत होंगे और मोदी मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री और बडखल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे विकास कार्यो के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने समूचे फरीदाबाद क्षेत्र में समान विकास कार्य करवाए है, बडखल की बात की जाए तो इस क्षेत्र में भी उनके सहयोग से अभूतपूर्व विकास हुआ है। श्रीमती त्रिखा ने कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि आज पंजाबी समाज के साथ-साथ छत्तीस बिरादरी उनके साथ खड़ी है और वह उन्हें भरोसा दिलाती है कि बडखल क्षेत्र की जनता उन्हें यहां से रिकार्ड मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम करेगी। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक अजय गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व विधायक चंद्र भाटिया, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, श्याम सुंदर कपूर, पूर्व पार्षद नरेश गोसांई, धनेश अदलक्खा, राजन मथुरेजा, सतीश फागना, सुनील ग्रोवर, साहिल अरोड़ा, रोहित भाटिया, प्रवीन चंदीला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने रोज गार्डन ब्लाक तीन, नवादा कोह, झाड़सेंतली सहित कई जगहों पर चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# रोजगार व विकास के लिए कांग्रेस के पक्ष में करें मतदान : महेन्द्र प्रताप सिंह

## पूर्व सांसद अवतार भडाना भी खुलकर आए साथ-एक दर्जन चुनावी सभाओं में मांगा समर्थन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज बृहस्पतिवार को एक दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आज उन्हें चार बार के सांसद रहे अवतार भडाना का भी खुलकर साथ मिला। खेडी गुजरान, नेकपुर, फतेहपुर तगा, सेक्टर-3 जाट धर्मशाला में आयोजित चुनावी सभाओं म मौजूद हजारों की संख्या में उपर्सथित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। रास्ते में वह जहां-जहां से वह चले वहां-वहां उनके ऊपर पुष्पवर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था वहीं अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को कांग्रेसमय बनाकर अपने खुले समर्थन का भी ऐलान किया गया। इसके अवाला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह ने भी महमूदपुर, दहकौला, शाहाबाद, भुआपुर, भैंसरावली, ताजपुर, राजपुर कलां, मंघावली, फत्तूपुरा व सेहतपुर आदि दजनों सभाओं को संबोधित कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों ने पगडी बांधकर अपना समर्थन दे विजयश्री का आर्शीवाद भी दिया। सभाओं में उमडे जनसैलाब से गदगद कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों को वचन दिया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा वहीं जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस की ही सरकार ने फरीदाबाद को विकास के मामले में ऊंचा उठाया था अब फिर से कांग्रेस ही फरीदाबाद की वही पुरानी पहचान विश्व स्तर पर कायम करेगी। क्योंकि भाजपा ने दस साल के शासनकाल में सिवाय झूठ-लूट व भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है और आज फरीदाबाद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। भाजपाई फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी कहते हैं लेकिन आज आपके सामने फरीदाबाद कूडा सिटी बन गई है और प्रदूषण के चलते लोगों का बुरा हाल है। बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के भविष्य का अंधकारमय बना दिया है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं के समक्ष रोजगार सबसे बडी समस्या है क्योंकि रोजगार से ही परिवार का



पालन पोषण होगा। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की कि अगर अपने बच्चों का भविष्य और फरीदाबाद को विकास की पटरी पर देखना चाहते हैं तो वह कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें क्योंकि आपने दिपछले दस साल में मोदी की गारंटी तो देख ली, न युवाओं को रोजगार मिला और न ही 15 लाख खाते में आए ऊपर से मंहगाई ने लोगों को जीना दुष्वार कर दिया। इसलिए अब कांग्रेस पार्टी ने 25 गारंटी देने का वादा किया गया कांग्रेस ने लोगों से यह वादा किया है कि भाजपा के राज में 30 लाख सरकारी नौकरी खाली पड़ी हुई है, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 30 लाख युवाओं को पक्की नौकरी देने का काम करेगें। शिक्षित युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी और ट्रेनिंग के दौरान साढ़े आठ हजार रुपए महीने वजीफा दिया जाएगा। वृद्धावस्था पेंशन 6 हजार मासिक की जाएगी।

वहीं अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा और सेना में सीधी भर्ती शुरू की जाएगी। महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया जाएगा। गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना प्रदान किया जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। महंगाई पर अंकुश लगाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। चार बार के सांसद रहे अवतार भडाना ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव देश की राजनीति की दिशा व दशा तय करने वाला चुनाव है। इसलिए अब समय आ गया है भाजपा के पिछले दस सालों में की गई लूट और भ्रष्टाचार का अपनी वोट की चोट से जवाब देने का। उन्होंने खुलकर कहा कि एक तरफ कांग्रेस ने बेदाग छवि के ईमानदार नेता बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाकर भेजा है वहीं दूसरी तरफ भाजपा के उम्मीदवार का भ्रष्टाचारी रूप आप सबके सामने है। इसलिए सब एक हो जाओ और 25 तारीख को कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को भारी मतों से जिताकर संसद भेजने का काम करें। उन्होंने लोगों से दोनों हाथ उठवाकर बूथ पर जुट जाने का भी आह्वान करते हुए कहा कि आपके जोश से साफ है कि फरीदाबाद में निश्चित रूप से महेन्द्र प्रताप की विजय होगी और यह भी तय है कि हरियाणा में 3 महिने बाद बनने वाली सरकार भी कांग्रेस की होगी।

# अगले दस साल में डायनासोर की तरह गायब हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ सिंह

**पलवल में राजनाथ का विपक्ष पर बड़ा हमला**

**25 मई को भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं**

**हरियाणा में सभी 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाकर मोदी को दें**

**हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार एक भी आरोप नहीं लगा**

**चार जून के बाद भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही**

**सरकार बनते ही 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों का हर साल पांच लाख तक का मुफ्त इलाज होगा**

**देश के हर परिवार और हर नागरिक को फायदा पहुंचा रही सरकार**

**25 मई को कृष्ण पाल गुर्जर के पक्ष में मतदान करें, भाजपा के पक्ष में मतदान करें**

**देश में तीसरी बार मोदी को मजबूती के साथ प्रधानमंत्री बनाएं**

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**नई दिल्ली/ पलवल 23 मई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पलवल के गांव सौलदा में आयोजित विजय संकल्प रैली में फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 मई को भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। प्रदेश में सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलाकर मोदी जी को दें। देश- प्रदेश के विकास को मजबूत करें। देश की सेना को मजबूत करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करें, ताकि वे देशहित में नि:संकोच होकर फैसले ले सकें। उन्होंने कहा कि देशभर में मोदी द्वारा किए गए कामों के बूते पर ही भाजपा लगातार तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि इन चुनावों के बाद कांग्रेस देश में डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। आज से दस साल बाद देश की जनता पूछेंगे की कांग्रेस क्या थी। इनके हालात ऐसे बनते जा रहे हैं। कांग्रेस के लोगों ने हमेशा भ्रष्टाचार किया है। भाई भतीजावाद और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। वहीं, भारत प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में दुनिया में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। इस बात को पाकिस्तान की संसद ने भी माना है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री उरी व पुलवामा हमले को लेकर यह कह चुके हैं कि यह हमला पाकिस्तान ने करवाया था और भारत ने इसका माकूल जवाब दिया। भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। दुनिया को भारत के प्रति सोचने का नजरिया बदला है। भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। इससे पहले रैली में पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष शरण सिंह,नंदकिशोर,दीपक मंगला आदि ने केंद्रीय मंत्री और रक्षा मंत्री का भव्य स्वागत किया।

**भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की तारीफ**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कृष्ण पाल गुर्जर जैसा प्रत्याशी आपको मिला है। आप भाग्यशाली हैं। कोई इन पर आरोप नहीं लगा सकता। इन पर आज कोई अंगुली नहीं उठा सकता। आज भारत लगातार आर्थिक रूप से मजबूत होता जा रहा है। वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, हम 11वें से 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं, धन दौलत के मामले में हमारा दुनिया में डंका बजता है। 2027 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे धनवान देश बन जाएगा और 2070 तक हम दुनिया के सबसे धनवान देश होंगे। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति के साथ बढ़ रही है।

**आज भारत कमजोर देश नहीं रहा**

राजनाथ ने कहा कि आज का भारत कमजोर भारत नहीं है। आज हम किसी को आंख दिखाते नहीं, लेकिन कोई हमें आंख दिखाने की कोशिश करेगा तो हम मुहतोड़ जवाब देंगे। देश के पीएम मोदी के कारण ही देश की सेना मजबूत है। आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। भारत किसी देश पर कब्जे के लिए नहीं, दुनिया के कल्याण के लिए महाशक्ति बनना चाहता है। हम सभी देशों के साथ मधुर संबंध रखना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान हमारा एक ऐसा पड़ोसी है, जिसकी नापाक हरकतें हमें परेशान करती रहती हैं, लेकिन आज का भारत डरने वाला नहीं है। हम दुश्मन को घर में घुसकर मारते हैं

**पित्रोदा को लेकर भी कसा तंज**

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के पूर्व नेता सैम पित्रोदा को फिर घेरते हुए कहा कि भारत में ऐसा करना चाहिए कि घर का मुखिया मर जाए तो उसकी संपतति सरकार को दे दी जाए। ये कितनी हास्यास्पद बात है। ईश्वर कांग्रेस और उसके लोगों को सद्बुद्धि दे। वहीं राहुल गांधी कह रहे हैं कि आपकी संपतति का सर्वे कराया जाएगा, आप लोग तो खुश होंगे। इनके सलाहकार भी ऐसे हैं, पित्रोदा भी उनमें से एक हैं। कांग्रेस कह रही है कि जब परिवार का मुखिया खत्म हो जाएगा तो उसकी आधी संपतति सरकार जब्त कर लेगी। पता नहीं इन्हें क्या हो गया है।



**कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोला, परिवारवाद को बढ़ाया**

राजनाथ ने कहा कि 50 साल से ज्यादा तक जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपे रखी। पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि भारत आजाद हो गया है,अब गरीबी खत्म करेंगे, इंदिरा गांधी भी कहती थी कि गरीबी खत्म करेंगे, मनमोहन सिंह भी कहते थे कि गरीबी खत्म करेंगे,लेकिन उनसे कुछ नहीं हो पाया। उन्होंने हमेशा वोट बैंक के लिए झूठ की राजनीति की है, लेकिन आजाद भारत में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। हम भेदभाव की राजनीति नहीं करते। हम देश के विकास की राजनीति करते हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास कर रहा है।

**हमने सभी वादे पूरे किए**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि भाजपा कभी झूठे वादे नहीं करती, हमने चुनाव से पहले कहा था कि जिस दिन केंद्र में भाजपा सरकार बनेगी धारा 370 खत्म करेंगे और सरकार बनते ही धारा 370 खत्म कर दी। आज कश्मीर में विकास हो रहा है। आतंकवाद खत्म हो चुका है। कश्मीर खुली हवा में सांस ले रहा है। हमने वादा किया था कि राम मंदिर बनाएंगे और सत्ता में आते ही राम मंदिर बना दिया। आज राम लला अपनी झोपड़ी से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान है। देश में राम राज्य है। भाजपा कभी भी झूठ की राजनीति नहीं करती है अपने सभी वादे पूरे करती है। हिंदू हो या मुस्लिम किसी भी धर्म की महिलाएं हो हम अत्याचार सहन नहीं करेंगे और इसीलिए तीन तलाक खत्म कर दिया। इससे मुस्लिम महिलाएं भी खुश हैं।

**इंदिरा को भी घेरा**

राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि मोदी जी तानाशाह हैं। 1975 के चुनाव में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई थीं, लेकिन उन्होंने क्या किया कि देश में इमरजेंसी लगा दी। मेरी उम्र भी 24 साल की थी। मुझे 18 महीने जेल में रहना पड़ा। कांग्रेस के कारण लोकतंत्र का गला घोंटा गया। मेरी मां की सदमें में मौत हो गई। कांग्रेस सरकार ने मुझे पैरोल तक नहीं दी। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार चरम पर था। लेकिन हमारी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा। चार जून के बाद भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। सरकार बनते ही देश में 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों का हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जाएगा। इससे देश के हर परिवार और हर नागरिक को फायदा होगा। रैली में उमड़ी भीड़ को देखते हुए लगता है कि आपने भाजपा को सभी दस सीटें जिताने का मन बना लिया है। इसलिए आप सबसे अपील करता हूं कि आने वाली 25 मई को कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में मतदान करें। भाजपा के पक्ष में मतदान करें और देश में तीसरी बार मोदी को मजबूती के साथ प्रधानमंत्री बनाएं।

**फरीदबाद का सबसे पिछड़ा क्षेत्र आने वाले समय में फरीदाबाद का ताज होगा : कृष्णपाल गुर्जर**

फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने पलवल के गांव सौलदा में आयोजित विजय संकल्प रैली में आने वाली 25 मई को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं आपको बता दूं कि जो पहले फरीदाबाद के जिस क्षेत्र को सबसे पिछड़ा बताते थे वह आने वाले समय में फरीदाबाद का ताज होगा। यहां बनने वाला ग्रीन एक्सप्रेस वे फरीदाबाद के विकास में चार चांद लगा देगा। उन्होंने मोहना में ग्रीन एक्सप्रेस वे पर कट निकलने को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा कि मेरी केद्रीय मंत्री से बात हो चुकी है। चुनाव खत्म होते ही नई सरकार का गठन होते ही यहां एक्सप्रेस वे पर कट बना दिया जाएगा। हम लोगों को परेशान नहीं होने देंगे। उन्होंने विपक्ष इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास न नेता है और न ही नीति। कांग्रेस की तो हालत ऐसी है कि वह इज्जत बचाने के लिए देश में आधी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। आप कमल खिलाएंगे तो वह मोदी जी को जाएंगे । इंडी गठबंधन के वोट किसके पास जाएंगे। उनके सभी नेता जमानत पर हैं। इंडी गठबंधन ऐसी बारात है, जिसका कोई दूल्हा नहीं है। वह एक ऐसी गाड़ी है, जिसका कोई ड्राइवर नहीं है। वहीं, भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा मजबूत ड्राइवर जिसके हाथों में आप देश को सौंपकर निश्चित हो जाएंगे। इसलिए 25 मई को भारी मतों से भाजपा को जिताएं और प्रदेश में सभी 10 सीटों पर कमल खिलाकर मोदी जी को मजबूत प्रधानमंत्री बनाएं।

# फरीदाबाद इंकम टैक्स बार एसोसिएशन के शिव प्रकाश भारद्वाज प्रधान चुने गए



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद, 23 मई।** फरीदाबाद इंकम टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट संजय मंगला की देख-रेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह दस बजे से दो बजे तक चली। जिसमें नौ एग्जीक्यूटिव मैम्बर चुने गए जिनमें क्रमश: सीए देवेन्द्र गौड़, एडवोकेट संदीप नागर, कपिल डूडेजा, सीए मोहित, सीए आरूष गुप्ता, एडवोकेट प्रमोद कौशिक, सीए विजय कुमार, एडवोकेट प्रहलाद गर्ग, शिव प्रकाश भारद्वाज शामिल थे। इसके बाद सर्व सम्मानित से शिव प्रकाश भारद्वाज को प्रधान घोषित किया गया। इसके अलावा उपप्रधान सीए देवेन्द्र गौड़, महासचिव एडवोकेट संदीप नागर, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव सीएस कपिल डूडेजा, एग्जीक्यूटिव मैम्बर सीए मोहित, सीएम आरूष गुप्ता, एडवोकेट प्रमोद कौशिक, एडवोकेट प्रहलाद गर्ग, सीए विजय कुमार चुने गए। इस अवसर पर सीए विपिन शर्मा, एडवोकेट हर्ष मक्कड़, एडवोकेट संजय माटा, सीए मनोज गर्ग, सीए कमल लखानी, सीए प्रदीप कौशिक, सीए नितेश पाराशर, सीए जितेन्द्र वाधवा, एडवोकेट हरेन्द्र सैनी, सीए तेजेन्द्र भारद्वाज सहित अन्य इंकम टैक्स बार के अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## सीनियर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 26 को

**समाचार गेट भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा एकदिवसीय लड़के और लड़कियों की जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप फरीदाबाद के सेक्टर 12 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 26 मई को होगी ।डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन फरीदाबाद के महासचिव एडवोकेट ओमबीर धनखड़ व कॉमपिटिशन डायरेक्टर कुलदीप ठाकुर ने बताया कि इसमें लगभग 250 एथलीट भाग लेंगे ।उन्होंने बताया कि इसमें उम्र 16 वर्ष आयु वर्ग के ऊपर एथलीट ही भाग ले सकते हैं ।उन्होंने यह भी बताया कि जो एथलीट डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगे वो किसी भी कैश अवॉर्ड, स्कॉलरशिप और ग्रेडेशन आदि के लिए खुद जिम्मेवार होंगे । इसके विजेता खिलाड़ी 1 और 2 जून को करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फरीदाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपने ओरिजनल दस्तावेज आधार कार्ड , जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट ,फोटो और उनकी प्रतिलिपि लेकर सुबह 6 बजे रिपोर्ट करें।

# फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के करीब 24 लाख 30 हजार मतदाता करेंगे मतदान : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

### फरीदाबाद में 1572 व पलवल की तीन विधानसभाओं के लिए बनाये गये 702 पोलिंग बूथ

### सुचारू रूप से मतदान संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों में लगभग 17 हजार कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

### गर्मी को देखते हुए मतदाता सुबह-सवेरे मतदान को दें प्राथमिकता, मोबाईल फोन बूथ में ले जाना वर्जित

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने लघु सचिवालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी महत्वपूर्ण जानकारी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद, 23 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के करीब 24 लाख 30 हजार 212 मतदाता लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। इसके लिए फरीदाबाद जिला में 1572 तथा पलवल की तीन विधानसभाओं के लिए 702 पोलिंग बूथ स्थापित किये गये हैं। सुचारू रूप से मतदान संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों में लगभग 17 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लघु सचिवालय में गुरुवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थापित किये गये बूथों में करीब 140 बूथ क्रिटिकल हैं, जिनमें फरीदाबाद में 58 व पलवल में 82 बूथ शामिल हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग साढ़े तीन हजार पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हर विधानसभा में एसीपी-डीसीपी भी ड्यूटी पर रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज सायंकाल 06:00 बजे से साइलेंस पीरियड की शुरुआत हो जाएगी जो कि मतदान समाप्ति तक जारी रहेगा। इस दौरान बारीकी से हर चीज की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस समय अवधि में ड्राई-डे भी घोषित रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार करीब साढ़े उन्नीस करोड़ रुपये का सीजर किया गया है, जो गत लोकसभा चुनाव के मुकाबले बहुत अधिक है। लगभग 60 हजार लिटर शराब भी जब्त की गई है। कैश भी पकड़ा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि हर बूथ की वेबकास्टिंग करवाई जाएगी, जिसका कंट्रोल रूम लघु सचिवालय में स्थापित किया गया है। इससे बूथ पर होने वाली हर प्रकार की छोटी-बड़ी घटना पर नजर रखने में मदद मिलेगी और वह कैमरे में रिकॉर्ड होगी। साथ में वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। फ्लैग मार्च निकालकर सभी क्रिटिकल बूथों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की गई। पोलिंग पार्टियों को छह स्थानों से प्रेषित किया जाएगा, जिसके लिए जीपीएस लगी 400 बसें तैयार की गई है। फरीदाबाद में प्रत्येक विधानसभा अनुसार पिंक बूथ भी स्थापित किये गये हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने इस दौरान मतदाताओं से भी विशेष अपील की कि गर्मी को देखते हुए वे 25 मई को सुबह-सवेरे मतदान करने को प्राथमिकता दें। पोलिंग बूथों में मोबाइल फोन लेकर जाना भी वर्जित है। भारत निर्वाचन आयोग के नियमों की पूर्ण अनुपालना करें। मतदान केंद्रों पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगायें। अपना वोट डालने के बाद अपने घर चले जायें। ड्यूटीरत कर्मचारियों को वोट डालने के लिए इडीसी जारी किये गये हैं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के पूछे गए सवालों के भी जवाब देते हुए सहयोग की अपील की।

# मतदाता पहचान पत्र न होने पर वैकल्पिक दस्तावेज के साथ कर सकते हैं मतदान : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

### वोटर आईडी के आलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करके कर सकते है मतदान



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद, 23 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में वोटर कार्ड न होने की स्थिति में भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। वोटर आईडी के आलावा चुनाव आयोग द्वारा 12 अन्य पहचान पत्रों की लिस्ट जारी की गई है। जिन मतदाताओं के पास फोटो मतदाता पहचान पत्र नहीं है। ऐसे मतदाताओं को मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करके मतदान करने की सुविधा दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन या वर्तनी की अशुद्धि को नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि फोटो बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान संभव न हो तो उसे अपनी पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

**मतदान के लिए ये हैं 12 विकल्प**

इन 12 फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय से जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई की ओर से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र और दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड (यूडीआईडी) कार्ड में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकलपिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी दर्ज कराए।

## मतदान के मद्देनजर धारा 144 लागू करने के आदेश जारी : जिलाधीश विक्रम सिंह

जिलाधीश एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने हरियाणा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए जिला में भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 के तहत धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि ये आदेश 23 मई को सायं 6 बजे से 25 मई को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों के अनुसार मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक किसी भी व्यक्ति के सार्वजनिक तौर पर बैठक, पब्लिक मीटिंग या संबोधन करने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि तनाव, परेशानी, साधारण दिनचर्या में बाधा जानमाल की हानि, शांति व्यवधान और दंगे होने की आशंका में सार्वजनिक स्थानों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखनी अति आवश्यक है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक मतदान प्रक्रिया समाप्ति के 48 घंटों की अवधि के दौरान गैरकानूनी सभा और सार्वजनिक बैठक पर पाबंदी रहेगी। इस प्रकार की बैठकों से तनाव, गड़बड़ी व झगड़े की संभावना बनी रहती है जिससे मानव जीवन और संपत्ति के नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**निम्नलिखित लोगों के अलावा दूसरे व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक** : जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेशानुसार निम्नलिखित लोगों के अलावा कोई अन्य व्यक्ति मतदान केंद्र में प्रवेश न करें। निर्वाचक, मतदान अधिकारी, प्रत्येक उम्मीदवार, उसका चुनाव एजेंट और एक समय में प्रत्येक उम्मीदवार का एक मतदान एजेंट होता है, आयोग/डी.ई.ओ. द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति, ड्यूटी पर लोक सेवक, एक मतदाता के साथ गोद में एक बच्चा, नेत्रहीन या अशक्त मतदाता के साथ आने वाला व्यक्ति, जो बिना सहायता के चल-फिर नहीं सकता या मतदान नहीं कर सकता। किसी भी उम्मीदवार या किसी एजेंट या निर्वाचक के साथ आने वाले किसी भी सुरक्षाकर्मी को मतदान केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।

# आपके आर्शीवाद से जीत मिली तो फरीदाबाद शहर को सही मायने में स्मार्ट सिटी बनाकर दिखा दूंगा: सुनील तेवतिया

### प्रचार के अंतिम दिन रोड़ शो निकालकर इनेलो प्रत्याशी ने झौंकी ताकत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद, 23 मई।** इनेलो लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए फरीदाबाद विधानसभा, बडख़ल, एनआईटी, बल्लभगढ़, पृथला, पलवल, होडल व हथीन विधानसभा में अपने समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ रोड़ शो निकाला। यह रोड़ शो आज सैक्टर-3 स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस से शुरू होकर बल्लभगढ़ सहित सभी विधानसभाओं में होता हुआ इसका समापन होडल कार्यालय पर हुआ। जगह-जगह लोगों ने श्री तेवतिया व इनेलो पदाधिकारियों का पुष्प वर्षा व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस बीच इनेलो समर्थकों द्वारा ठण्ड पानी की छबील भी लगाई। रोड़ शो के दौरान मार्ग में आने वाले मंदिर, गुरूद्वारों पर माथा टेका और विजयश्री का आर्शीवाद मांगा। श्री तेवतिया ने जगह-जगह अपने सम्बोधन में कहा कि जो प्यार आपने आज दिखाया है, जो पगडिय़ां आज मेरे सिर पर बांधी है उसका कर्ज वह विकास करके उतारेगें। उन्होंने कहा कि आपके आर्शीवाद से जीत मिली तो फरीदाबाद शहर को सही मायने में स्मार्ट सिटी बनाकर दिखा दूंगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधित समस्याओं का निदान भी करेगें। साथ ही पेयजल किल्लत, सफाई, सीवर व्यवस्था को दुरूस्त करेगें। 24 घंटे बिजली देगें, वहीं एक बड़ी मदर यूनिट लाकर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने का काम करेगें। इसके बाद उन्होंने रोड़ शो के समापन पर सैक्टर-3 में उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में आगामी सरकार इनेलो पार्टी की है। लोगों को फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी जैसी पेश आ रही समस्याओं को खत्म करवाया जाएगा, बुजुर्गों को 7500 रूपए पेंशन दी जाएगी। महिलाओं को रसोई खर्च के लिए 11 सौ रूपए प्रति माह दिए जाएगें। इसलिए आप सभी अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर चौ. ओमप्रकाश चौटाला, विधायक अभय सिंह चौटाला के हाथों को मजबूत करें।

इस मौके पर प्रदेश महासचिव महेन्द्र चौहान, राजकुमार तेवतिया, इनेलो जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, युवा जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, महिला अध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, पलवल अध्यक्ष अजीत बॉबी, एनआईटी अध्यक्ष कुलदीप सिंह, युवा नेता संजय पांचाल, जिला प्रधान महासचिव बच्चू सिंह तेवतिया, संजय डागर, पूर्व पार्षद बच्चू सिंह तेवतिया सिही, उदयवीर सहरावत, तैय्यब हुसैन भीमसिका, बलदेव देशवाल, सत्ते पहलवान, दिनेश दलाल, बोधराज रावत, सुरेश मोर, सुरेश वर्मा, विजय तेवतिया, अनिल तेवतिया, दिग्विजय तेवतिया, ओमदत्त नागर, राजीव शर्मा, सोनू हुड्डा, धर्मेन्द्र हुड्डा, कमलजीत सिंह, घीसाराम, चन्दन सिंह सौरोत, वेद पहलवान, रानी रावत, राजबाला, महावीर चौहान, रामपाल लिखी, बुधराम, पूनम चौधरी, चंदन सौरोत, रतन सौरोत आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# 25 मई को मतदान कर पाए ब्रांडिड दुकानों पर विशेष छूट : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

### सेक्टर-12 स्थित पैबल डाउनटाउन मॉल में ब्रांडेड शोरूम संचालक देंगे विशेष छूट

### 10 से 20 प्रतिशत की छूट का फायदा 25 व 26 मई तक मतदाताओं को मिलेगा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद, 23 मई।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि आने वाली 25 मई को मतदान करें और उस दिन तथा अगले दिन ब्रांडेड आउटलेट्स और नामी-गिरामी दुकानों पर मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाकर विशेष छूट का लाभ ले और भिन्न भिन्न उत्पादों व खाद्य पदार्थों पर 10 से 20 प्रतिशत की छूट का फायदा 25 व 26 मई तक मतदाताओं को मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हर नागरिक को हिस्सा लेना चाहिए। हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद जरूरी है। इसे गंभीरता से समझना चाहिए। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए संगठनों तथा संस्थाओं का भी सहयोग लिया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के अनुसार विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियां सफलतापूर्वक जारी हैं। मतदाताओं को जागरूक करने में किसी भी प्रकार की ढील नहीं छोड़ी जा रही। स्वीप गतिविधियों के तहत हर प्रकार के प्रयास करके मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि वे बढ़-चढक़र मतदान करें। इसकी जिम्मेदारी अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपी गई है, जिनके अथक प्रयासों से जागरूकता की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लगातार किये जा रहे प्रयासों से मत प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी।

**पेबल डाउनटाउन में स्थित 18 ब्रांडेड आउटलेट्स पर 20 प्रतिशत तक की छूट**

इस दौरान स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि सेक्टर-12 स्थित पैबल डाउनटाउन मॉल ने मतदाताओं को प्रोत्साहन देने में विशेष पहल की है। मॉल में स्थित ब्रांडेड आउटलेट्स और नामी-गिरामी दुकानों व शोरूम संचालकों ने घोषणा की है कि वे 25 मई को मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके उत्पादों की खरीद पर विशेष छूट देंगे। यह छूट दो दिन मिलेगी। मतदान करने के उपरांत 25 व 26 मई को जो भी मतदाता मॉल में स्थित 18 ब्रांडेड आउटलेट्स पर जाकर अपनी मतदान की स्याही लगी उंगली दिखायेगा उसको विशेष छूट प्राप्त होगी। अतिरिक्त उपायुक्त डा. शर्मा ने जानकारी दी कि मॉल में चिन्हित 18 ब्रांडेड शोरूम में कैफे देहली हाईट्स 20 प्रतिशत छूट का लाभ प्रदान करेगा। शेष सभी 17 शोरूम अपने उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट देंगे, जिनमें चुनमुन, पेंटालून्स, सोशल, स्टारबक्स, ग्लोबल रिपर्बलिक, मीना बाजार, ले-मार्क, सागर रत्ना, वंचाय, बर्गर सिंह, खान चाचा, बीकानेर, अमृतसरी, कैलिफोर्निया बुर्रिटो, फैटिगर और बैरी ब्रदर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन शोरूम पर मतदाताओं को विशेष छूट का लाभ जरूर उठाना चाहिए। एक पंथ दो काज के इस अवसर को चूकना नहीं चाहिए।



## लोकतंत्र के फेस्टिवल के रूप में 25 मई मतदान के दिन रहेगा पेड हॉलिडे

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के फेस्टिवल के रूप में 25 मई मतदान के दिन पेड हॉलिडे रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि श्रम विभाग को दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं औद्योगिक और अन्य संस्थानों में उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी हिदायतों के अनुसार राज्य में 25 मई शनिवार को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव -2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों सहित सभी निजी संस्थानों और कंपनियों और सभी निजी संस्थानों में पेड हॉलीडे रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने श्रम विभाग को दिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। औद्योगिक और अन्य संस्थानों में उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक संस्थानों को निर्वाचन आयोग की हिदायतें जारी की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली डे रहेगा। ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें।

# स्किल इंडिया-2024 में छाए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी



### गुलशन ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य और अभिषेक तथा पुनीत ने मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किए

### आठ विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया, कुलपति डॉ. राज नेहरू ने किया सम्मानित

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नेशनल लेवल के स्किल इंडिया-2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। ड्राफ्ट्समैनशिप के विद्यार्थी गुलशन ने इस कंपटीशन में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीता, जबकि बी. वॉक मेकाट्रॉनिक्स के विद्यार्थी अभिषेक और बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र पुनीत ने मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया। बी. वॉक एमएलटी की छात्रा हिमांशी और बी. वॉक रोबोटिक्स के छात्र आदित्य, बलदेव, वासु शर्मा तथा मुकुल कुमार ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर गौरवानवित किया।

इस उपलब्धि के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इन गौरवशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई और उनके अनुभव भी सुने। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमें इन विद्यार्थियों पर गर्व है। यह उपलब्धियां दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने भविष्य में और अधिक अभ्यास करने के लिए भी विद्यार्थियों में उत्साह भरा। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि बहुत बड़ा मुकाम है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कार्यकारणी सदस्य डॉ. मीनाक्षी किलम ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की। इस उपलब्धि के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. मनी कंवर सिंह और स्किल इंस्ट्रक्टर को सभी ने बधाई दी।

मेडल जीतने वाले छात्र गुलशन और अभिषेक ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने इंस्ट्रक्टर को दिया। उन्होंने कहा निरंतर मेहनत और मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि अर्जित कर पाए हैं। सभी विद्यार्थियों ने कुलपति डॉ. राज नेहरू के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर कुलवंत सिंह, प्रोफेसर ऊषा बत्रा, डॉ. मनी कंवर सिंह, डॉ. संजय सिंह राठौड़, डॉ. संतोष यादव, डॉ. मनोज, शंशबीर डागर, ज्योति नैन, मोहम्मद सालिम और ओम प्रकाश भी उपस्थित थे।

# मतदान व मतगणना केंद्र के आस-पास व्यक्तियों के एकत्रित होने के साथ-साथ मोबाइल ले जाने पर भी रहेगा प्रतिबंध

### यह आदेश 25 मई मतदान के दिन और 4 जून मतगणना के दिन रहेंगे लागू



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्र के 100 मीटर दायरे में की धारा-144 लागू करने के निर्देश दिए है। यह धारा-144 मतदान के दिन 25 मई और मतगणना के दिन 4 जून को लागू रहेगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के अनुसार चुनाव के दौरान जिला में बनाए गए मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्र के चारो ओर 100 मीटर के दायरे में व्यक्तियों के एकत्रित होने व घुमने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन मतदान करने के लिए जाने वाले मतदाताओं को इसमें छूट दी गई है। इसके अलावा मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्र के 100 मीटर दायरे में मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन व वायरलेस फोन आदि के प्रयोग पर भी रोक लगाई गई है। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## देसी कट्टा एवं 2 जिन्दा रोन्द अवैध हथियार सहित आरोपी धरा

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत गत दिनांक 22 मई 2024 को डिटेक्टिव स्टॉफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक तेजपाल सिंह की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल इरफ़ान ने थाना मुन्डकटी क्षेत्र अंतर्गत नजदीक गांव मित्रोल मे देवा जरनल स्टोर के सामने खडे गांव मित्रोल निवासी विनोद कुमार उर्फ देवा आरोपी को एक देशी कट्टा एवं 2 जिन्दा रोन्द अवैध हथियार सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्जा में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना मुन्डकटी में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# बच्चों ने नाटक द्वारा मतदाताओं को किया जागरूक



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** लोकसभा आम चुनाव में 25 मई के दिन मतदाताओं को जागरूक कर बढ़ चढ़कर मतदान करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करणावास के विद्यार्थियों द्वारा जिले भर में ग्राम व नगर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किये जा रहे हैं।

प्राचार्य डॉ.लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन व सतीश मस्तान के निर्देशन में स्कूल के बच्चे नाटक के द्वारा स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) अभियान के तहत आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्कूल के बच्चे कोमल, रिया, चंचल, संजना, स्वीटी, किशन, रोहित, वंदना, निसीका,एकता द्वारा पृवक्ता श्रीमती ज्योत्सना यादव के नेतृत्व में डयोढी, लालपुर, घड़ी बोलनीं नाटको का मंचन किया गया। इस अवसर पर सरपंच डोढी बवीता देवी, सरपंच लालपुर कुलदीप, बोलनीं सरपंच योगेश जैलदार, कर्ण सिह, कमल सिंह, दिनेश, रामौतार, वीर सिंह, धीरज, नरेंद्र, संदीप, सुनीता, राकेश कुमार, सजन सिंह, लोकेश, नरेश आदि मौजूद रहे।

# वायुसेना प्रमुख ने भारतीय वायुसेना की पहली आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया प्रणाली का किया उद्घाटन

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के सेवारत कर्मियों और उनके परिवारजनों को चिकित्सा आपात स्थितियों में विशेषज्ञ मार्गदर्शन और समुचित देखभाल प्रदान करने के लिए वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 21 मई 2024 को कमांड हॉस्पिटल एयर फ़ोर्स बेंगलुरु में एक आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया प्रणाली (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया।



ईएमआरएस पूरे देश में भारतीय वायुसेना कर्मियों और उनके परिवारजनों की सेवा के लिए अपनी तरह की पहली 2437 टेलीफोनिक चिकित्सा हेल्पलाइन है। इस प्रणाली का लक्ष्य पूरे देश में कहीं भी आपात स्थिति का अनुभव होने पर कॉल करने वाले को चिकित्सा और पैरामेडिकल पेशेवरों की एक टीम द्वारा त्वरित सहायता प्रदान करना है। प्रतिक्रिया देने वाला चिकित्सा पेशेवर कॉल करने वाले को तत्काल सलाह प्रदान करने के साथ-साथ उसके निकटतम आईएएफ चिकित्सा सुविधा के संपर्क में रहेगा। यह सुविधा आपातकालीन स्थिति में उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी को शामिल करने के बारे में भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ईएमआरएस का एकमात्र उद्देश्य मूल्यवान जीवन को बचाना है। इस कार्यक्रम में प्रणाली की क्षमता और आउटरीच का प्रदर्शन किया गया, जिसमें संकटग्रस्त कॉल करने वाले को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करने की सुविधा पर प्रकाश डाला गया। इसके साथ-साथ ही निकटतम चिकित्सा क्षेत्र से एक चिकित्सा सहायता टीम की शीघ्र शुरुआत भी शामिल है।

वायु सेना प्रमुख ने मूल रूप से इस अवधारणा की परिकल्पना की है। उन्होंने ईएमआरएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल न केवल भारतीय वायु सेना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि चिकित्सा तैयारी में एक महत्वपूर्ण प्रगति भी है, जो मौजूदा प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। यह आपात्कालीन स्थिति के दौरान तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सा देखभाल भी उपलब्ध कराती है।

# क्या सच में औरत ही औरत की दुश्मन होती है

**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** एक बहुत की मशूहर कहावत है कि औरत ही औरत की दुश्मन होती है। अक्सर देखा जाता है कि जब एक महिला के साथ कुछ गलत होता है या फिर वो मुश्किल में होती है तो दूसरी महिलाएं सपोर्ट करने की जगह उस महिला में ही खामी निकालने लग जाती हैं। तब परिवार या फिर समाज में इस तरह की बातें दोहराई जाती हैं। लेकिन दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान ने इस अवधारणा को गलत साबित कर दिखाया है। 80 के दशक की बोल्ड और ब्यूटिफुल एक्ट्रेस जीनत अमान आज भी अपनी हर बात को बेबाकी से कहती हैं। अपने जमाने के स्टार्स के लिए कुछ न कुछ कहती या लिखती रहती हैं। हाल ही में मशहूर अदाकारा जीनत ने डिंपल कपाड़िया के लिए पोस्ट शेयर किया। जिसके साथ एक अनदेखी तस्वीर भी दिखाई दी। जीनत ने इस पोस्ट में न सिर्फ डिंपल की तारीफ की बल्कि ये भी बता दिया कि मुश्किल वक्त में एक महिला किस तरह दूसरी महिला का साथ देती है।







एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपनी हालिया पोस्ट में उन दिनों को याद किया जब डिंपल कपाड़िया मुश्किल समय में उनके साथ खड़ी रहीं। जीनत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर की। जो 1977 में रिलीज फिल्म 'छैला बाबू' के सेट की है। तस्वीर में जीनत फिल्म के डायरेक्टर जॉय मुखर्जी और डिंपल के साथ बैठी हैं।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिल्ली के करोल बाग की इस हसीना ने कहर ढा दिया

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** करोल बाग की रहने वाली सोनम टॉप लाइव होस्ट करने वाली एंकर, मॉडल और एक्टर के साथ-साथ फैशन एंड लाइफस्टाइल इंफ्लूएंसर भी हैं। दिल्ली की इस हसीना ने बॉलीवुड में अपना पहला डेब्यू फिल्म क्रिकेट में किया था ।इसके अलावा ये टी सीरीज के एक गाने दिल लुट गई और शॉर्ट फिल्म कुछ कहना था तुमसे में भी दिख चुकी हैं। हाल ही में ये मेड इन हेवन की कुछ वीडियों में भी दिख चुकी हैं। दिल्ली की रहने वाली इस बाला ने फेमस फैशन डिजाइन तोरानी की साड़ी पहनी थी, जिसका एक शोरूम खान मार्केट में भी है। सोनम ने कान्स के लिए ब्लैक कलर की ऑर्गेंजा साड़ी को चुना था, जिसमें एम्ब्रॉयडरी की गई थी। आपको बता दें कि इस साड़ी की कीमत 1,64,000 लाख रुपये है।





सोनम ने जो काले रंग की साड़ी पहनी थी, उसमें मोटे कढ़ाईदार डिजाइन बने हुए थे, लेकिन इस साड़ी की ओटीटी इसका बॉर्डर था, जिसमें पीले, नीले और गुलाबी रंगों से बहुत ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई थी। साथ ही इसमें मिरर वर्क किया गया था ।साड़ी की एक साइड की बॉर्डर मोटी और दूसरी को पतली रखा गया था। इसके पल्लू पर तोरन जैसी लटकन लगी हुई थी, जो साड़ी की खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ाने का काम कर रही थी।

सोनम ने जो काले रंग की साड़ी पहनी थी, उसकी बीच वाले पोर्शन पर मोटे कढ़ाईदार डिजाइन बनाए गए थे। लेकिन इस साड़ी की ओटीटी इसका बॉर्डर था, जिसमें पीले, नीले और गुलाबी रंगों से बहुत ही खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई थी। साथ ही इसमें मिरर वर्क किया गया था।

साड़ी की एक साइड की बॉर्डर मोटी और दूसरी को पतली रखा गया था। साथ ही इसके पल्लू पर तोरन जैसी लटकन लगी हुई थी, जो साड़ी की खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ाने का काम कर रही थी।

वंडर वर्ल्ड स्टोरी झरोखों से

# जंगल की रहस्यमय रात

**समाचार गेट**

एक समय की बात है, शहर के कुछ बेफिक्रे और आवारा लोगों ने रातभर के लिए एक वेश्या को किराए पर लिया और शराब का सेवन करते हुए जंगल की ओर चल दिए। वे लोग शराब के नशे में धुत्त थे और अपने होश खो बैठे थे। वेश्या का नाम हसीना था। उसने इन लोगों की बुरी नीयत भांप ली और डर के मारे भागने का मन बना लिया। किसी तरह, मौका पाकर रंजना उन लोगों के चंगुल से निकलकर अंधेरे जंगल में भाग गई।



जब शराबी अपने मदहोशी से थोड़ी देर बाद बाहर आए, तो उन्होंने देखा कि रंजना वहां नहीं थी। घबराहट में वे उसे ढूंढ़ने लगे और जंगल में इधर-उधर भटकने लगे। इन शराबियों में प्रमुख थे – रघु, जो सबसे ज्यादा उग्र था, मोहन, जो अपने आपको सबसे चतुर समझता था, हितेश, जो हमेशा दूसरों के पीछे चलता था, और विजय, जो सबसे ज्यादा शराबी था।

रघु बोला, ये लड़की कहां चली गई? हमें उसे ढूंढना होगा, नहीं तो मुसीबत में फंस जाएंगे।

मोहन ने चुटकी ली, तुम्हारी वजह से ये सब हुआ है। अगर तुमने इतनी शराब नहीं पी होती, तो ये सब नहीं होता।

हितेश ने डरते हुए कहा, हमें जल्दी उसे ढूंढना होगा, नहीं तो हमें पुलिस पकड़ लेगी।

विजय, जो लगभग बेहोश था, बड़बड़ाया, चलो, चलो... उसे ढूंढते हैं।

चारों दोस्तों ने हसीना को ढूंढने के लिए जंगल की ओर बढ़ना शुरू किया। चलते-चलते वे एक तपस्वी के आश्रम के पास पहुंचे। आश्रम की धुंधली रोशनी में तपस्वी ध्यान में लीन थे। रघु ने तपस्वी से पूछा, बाबा, क्या आपने किसी औरत को यहाँ से जाते हुए देखा है?

तपस्वी ने आँखें खोलीं और बोले, यहां से कोई गुजरा तो जरूर था, मगर मैं ये नहीं कह सकता कि वह औरत थी या पुरुष। मैं जब से यहां आया हूं, ये ही भूल गया हूं कि कौन औरत है और कौन पुरुष?

शराबियों को तपस्वी की बातें समझ में नहीं आईं और वे और भी उलझन में पड़ गए। मोहन ने कहा, ये बाबा भी न जाने क्या बकवास कर रहे हैं। चलो, हमें अपने दम पर ही रंजना को ढूंढना होगा।

शराबियों ने तपस्वी के आश्रम के चारों ओर जंगल में तलाश जारी रखी। जंगल गहरा और भयावह था, और रात की कालिमा में हर पेड़-पौधा उन्हें किसी छिपे हुए खतरे जैसा लग रहा था। चलते-चलते, वे लोग और भी गहरे जंगल में प्रवेश कर गए, जहाँ वे रास्ता भटक गए।

इसी बीच, रंजना भी जंगल में भागते-भागते थक गई थी। उसने एक घने पेड़ के नीचे छिपने का निर्णय लिया और वहां छुपकर बैठ गई। उसे इस बात का डर था कि कहीं वे शराबी उसे ढूंढ न लें। रंजना की सांसें तेज हो गईं, और उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। उसने ईश्वर से प्रार्थना की कि उसे इस मुसीबत से बचा ले।

उधर, शराबी लगातार हसीना को ढूंढने में लगे थे। विजय, जो सबसे ज्यादा शराबी था, अचानक गिर पड़ा और बेहोश हो गया। बाकी तीनों दोस्तों ने उसे उठाने की कोशिश की, मगर विजय पूरी तरह से होश खो चुका था। उन्होंने उसे वहीं छोड़ दिया और आगे बढ़ने का फैसला किया।

कुछ देर बाद, मोहन ने अचानक चीखते हुए कहा, मैंने कुछ सुना! इस तरफ से आवाज आ रही है।

रघु और हितेश ने मोहन का पीछा किया। वे धीरे-धीरे उस दिशा में बढ़ने लगे, जहाँ से उन्हें आवाज आई थी। उन्होंने देखा कि एक जंगली जानवर झाड़ियों में सरसराहट कर रहा था। तीनों डर गए और अपने कदम पीछे खींच लिए।

तभी, उन्होंने देखा कि एक औरत की परछाई उनकी ओर बढ़ रही है। रघु ने सबसे पहले उस परछाई को देखा और चिल्लाया, वो रही हसीना! पकड़ो उसे!

सभी ने तेजी से उस दिशा में दौड़ना शुरू कर दिया। परछाई जंगल के अंधेरे में गुम हो गई। शराबियों ने हिम्मत नहीं हारी और उसे ढूंढते रहे।

हसीना, जो पेड़ के नीचे छुपी थी, ने उन शराबियों की आवाजें सुनी। वह डर के मारे कांप रही थी। उसने पेड़ के पीछे से झांककर देखा, तो पाया कि वे लोग उसकी ही तलाश में हैं। उसने सोचा कि अब क्या किया जाए। वह धीरे-धीरे पेड़ के पीछे से निकलकर दूसरी दिशा में भागने लगी।

रघु ने उसे देख लिया और जोर से चिल्लाया, वो रही! भाग रही है! पकड़ो उसे!

मोहन और सुरेश भी पीछे दौड़ पड़े। हसीना अपनी जान बचाने के लिए भाग रही थी, लेकिन नशे में धुत्त शराबी उसके पीछे-पीछे आ रहे थे। तभी, अचानक हसीना का पैर एक पत्थर से टकराया और वह गिर पड़ी। उसके गिरते ही शराबियों ने उसे घेर लिया।

रघु ने उसकी ओर बढ़ते हुए कहा, अब कहाँ भागोगी? हमारे साथ चलो।

हसीना ने रोते हुए कहा, मुझे छोड़ दो, प्लीज। मैं किसी तरह भागकर यहाँ आई थी।

मोहन ने उसे पकड़ते हुए कहा, तुम्हें हमारे साथ चलना होगा। हमारे पास कोई और चारा नहीं है।

तभी, अचानक तपस्वी वहाँ प्रकट हुए। उन्होंने शराबियों को रोका और गंभीर स्वर में कहा, इसे छोड़ दो। तुम लोग पाप कर रहे हो।

रघु ने तपस्वी को देखते हुए कहा, बाबा, आप बीच में मत आइए। यह हमारा मामला है।

तपस्वी ने दृढ़ता से कहा, यह जंगल है, यहाँ अधर्म की जगह नहीं है। तुम लोग इसे छोड़ दो, वरना तुम्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

शराबियों ने तपस्वी की बातों को अनसुना कर दिया और रंजना को घसीटते हुए आगे बढ़ने लगे। तपस्वी ने अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए मंत्रों का उच्चारण किया और अचानक जंगल में एक तेज आंधी उठ गई। शराबियों के कदम ठिठक गए और वे डर गए। आंधी के साथ ही बारिश शुरू हो गई और बिजली चमकने लगी। शराबियों ने घबराकर हसीना को छोड़ दिया और भाग खड़े हुए।

तपस्वी ने हसीना को उठाया और कहा, बेटी, तुम अब सुरक्षित हो। जाओ, अपने घर वापस चली जाओ। यह जंगल तुम्हारे लिए सुरक्षित नहीं है।

हसीना ने तपस्वी के चरणों में गिरकर धन्यवाद किया और जल्दी से जंगल से बाहर निकलने लगी। तपस्वी ने अपनी धुन में वापस ध्यान लगा लिया और जंगल की शांति फिर से बहाल हो गई।

हसीना किसी तरह अपने घर पहुंची और अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर का धन्यवाद किया। उधर, शराबी जंगल से निकलने के बाद भी उस रात की घटनाओं को भूल नहीं पाए। वे हमेशा उस रात को याद करते और सोचते कि कैसे एक तपस्वी की शक्ति और उनके कर्मों का फल उन्हें मिला।

इस प्रकार, इस रहस्यमय रात की कहानी जंगल और तपस्वी की आध्यात्मिक शक्ति की याद दिलाती है, जो अधर्म को समाप्त करने और निर्दोषों की रक्षा करने के लिए सदा तत्पर रहती है। **ए.आर. महलोनिया**







